इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 197 | राजनांदगांव, गुरूवार 05 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







# आरसीबी के जश्न के दौरान बंगलूरु में भगदड़; 11 की मौत 50 से अधिक घायल, पीएम मोदी और राहुल ने जताया दुख

बंगलूरू। आईपीएल में 18 साल बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने जीत दर्ज की। इस जीत की खुशी में बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया था। इस दौरान वहां भगदड़ मचने की वजह से 11 लोगों की मौत हो गई है, वहीं कुछ लोगों के घायल होने की सूचना भी मिल रही है। बता दें कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में काफी संख्या में क्रिकेट फैन्स इकट्ठा हुए थे। इस दौरान मची भगदड़ में एक शख्स की मौत हो गई है, वहीं 50 से अधिक लोगों के घायल होने की भी आशंका है। बता दें कि पुलिस ने घायलों और बेहोश हुए लोगों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।



### क्यों मची भगदड़?

जानकारी के मुताबिक, ये भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट नंबर 6 के बाहर देखने को मिली है। बता दें कि इस भगदड़ में 50 से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 6 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हालांकि चिन्नास्वामी स्टेडियम के अंदर ये भगदड़ कैसे मची, अभी तक यह साफ नहीं हो सका है। हालांकि आरसीबी की विक्ट्री परेड में भारी संख्या में आरसीबी फैन्स अपने चहेते खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम पहुंचे थे। बता दें कि विक्ट्री परेड को लेकर बेंगलुरू पुलिस द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई थी। बावजूद इसके भारी संख्या में लोग वहां पहुंचे। यहां हालात इस कदर बेकाबू हो गया कि लोग दीवारों और पेड़ों पर चढ़कर प्लेयर्स की एक झलक पाने को बेताब थे।



### बंगलूरु भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया दुख

बंगलूरू भगदड़ की घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा- बंगलूरू में हुई दुर्घटना वाकई दिल दहला देने वाली है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हों।

### मैं उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया-राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बंगलूरू में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा- आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई दुखद भगदड़ दिल दहला देने वाली है। मैं उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। सभी घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस दुख की घड़ी में, मैं बंगलूरू के लोगों के साथ खड़ा हूं। कर्नाटक सरकार को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता और राहत प्रदान करनी चाहिए। यह त्रासदी एक दर्दनाक याद दिलाती है कोई भी जश्न इंसान की जान के लायक नहीं है। सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए हर सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की जानी चाहिए और उसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए - जीवन हमेशा पहले आना चाहिए।

### सीएम ने की पीड़ितों से मुलाकात और मुआवजे का ऐलान

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- चिन्नास्वामी स्टेडियम के निकट भगदड़ में घायल हुए लोगों का हालचाल जानने के लिए बॉरिंग और वैदेही अस्पताल का दौरा किया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि बंगलूरू में आरसीबी के जश्न में हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा लोग जुटे। चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास 2-3 लाख से ज्यादा लोग आए, किसी को इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। आरसीबी के जश्न में मारे गए ज्यादातर लोग युवा हैं। सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी।

### आरसीबी प्रशंसक ने बयां की कहानी

विक्ट्री परेड में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंची एक आरसीबी की प्रशंसक ने कहा, अंदर भी सीटें भरी हुई हैं और इसलिए वे हमें अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। हम वापस जाना चाहते हैं लेकिन हमें वापस जाने की अनुमति नहीं है। गेट पर लोगों की भीड़ है, अगर वे गेट खोलते भी हैं तो लोग अंदर आना शुरू कर देंगे, ऐसे में ही बहुत से लोग घायल हो गए हैं।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि यह एक युवा और उत्साही भीड़ थी, ऐसे में लाठीचार्ज नहीं किया जा सकता। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 1 मार्च 2027 से शुरू होगी जनगणना, जातिगत आंकड़े भी होंगे शामिल



नई दिल्ली। देश की लंबे समय से लंबित जनगणना और जातिगत गणना की प्रक्रिया अब तय हो गई है. सूत्रों के मुताबिक, 16 जून 2025 को जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत अधिसूचना जारी होते ही यह प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी. इसके बाद जनगणना से जुड़ी विभिन्न एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी. पहले चरण में स्टाफ की नियुक्ति, प्रशिक्षण, जनगणना फॉर्मेट तैयार करना और फील्ड वर्क की योजना बनाई जाएगी.

खास बात यह है कि इस बार जनगणना और जातिगत जनगणना एक साथ की जाएगी. प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी. पहला चरण 1 फरवरी 2027 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण फरवरी 2027 के अंत तक संपन्न होगा. 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि को संदर्भ तिथि माना जाएगा, यानी उस समय देश की जनसंख्या और सामाजिक स्थिति का जो भी आंकड़ा होगा, वही रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा. इस दिन के बाद से आंकड़े सार्वजनिक रूप से सामने आने लगेंगे. यह ऐतिहासिक कदम देश की सामाजिक संरचना को बेहतर ढंग से समझने और नीतिगत फैसलों के लिए मजबूत आधार प्रदान करेगा.

वहीं हिमालयी और विशेष भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में यह जनगणना प्रक्रिया अन्य राज्यों से पहले, अक्टूबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी. वहां मौसम की कठिनाइयों और दुर्गम क्षेत्रों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है. जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 के तहत, 1 मार्च 2027 को जनगणना की संदर्भ तिथि घोषित की जाएगी और संबंधित अधिसूचना 16 जून 2025 को राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी. इसके बाद जनगणना की आधिकारिक तैयारियां प्रारंभ हो जाएंगी. बता दें कि इस बड़े फैसले की पृष्ठभूमि में अप्रैल में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से की गई घोषणा थी, जिसमें उन्होंने बताया था (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारत आएंगे 5 देशों के विदेश मंत्री, पीएम मोदी से भी करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली। मध्य एशिया के पांच प्रमुख देशों किर्गिजस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के विदेश मंत्री भारत पहुंच रहे हैं। भारत और मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक छह जून को नई दिल्ली में होने वाली है।

रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव और इसका असर मध्य एशियाई क्षेत्र में भी होने की आशंका के बीच भारत की इस क्षेत्र के साथ संबंधों को मजबूत बनाने की कोशिशों पर दुनिया के अन्य देशों की भी नजर है। इस बैठक में आर्थिक सहयोग के साथ ही ऊर्जा, कनेक्टिविटी और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अहम बातचीत होगी। भारत ने उक्त पांच देशों के साथ अलग से कूटनीतिक विमर्श का दौर वर्ष 2019 में ही शुरु किया है और विगत दो वर्षों में कई मुद्दों पर सहयोग की सहमति बनी है। आतंकवाद के मुद्दे पर भी भारत इन देशों का समर्थन हासिल करने की कोशिश करेगा। वैसे इन देशों के साथ भारत पहले ही आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को लेकर विमर्श करता रहा है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद इन देशों की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ भारतीय पक्ष के समर्थन की खास अहमियत होगी। खास तौर पर तब जब मध्य एशिया का एक अन्य देश अजरबैजान भारत का साथ न देकर पाकिस्तान के साथ खड़ा है। अजरबैजान ने तकरीबन पांच वर्ष पहले ही यह संकेत दे दिया था कि वह पाकिस्तान के साथ अपना हित देखता है। यह भी एक कारण है कि भारत ने मध्य एशिया के उक्त इस्लामिक देशों के साथ अपने संबंधों को नई गहराई देने का फैसला किया था। उक्त सभी देश पूर्व सोवियत गणराज्य का हिस्सा थे, जो वर्ष 1992 में एक स्वतंत्र देश के तौर पर स्थापित हुए हैं। विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि भारत-मध्य एशिया वार्ता के बाद पांचों मेहमान देशो के विदेश मंत्री पीएम नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। चाबहार पोर्ट के निर्माण व इस्तेमाल को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा होगी।

# 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा संसद का मानसून सत्र



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दी जानकारी

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएग। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। रिजिजू ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। रीजिजू ने मानसून सत्र की घोषणा ऐसे समय में की है जब विपक्षी दलों के नेता ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा करने के लिए सरकार से विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर पर भी सरकार नियमों के तहत चर्चा करने को तैयार हो गई है। रीजिजू ने विपक्ष की इस मांग के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मानसून सत्र में नियमों के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन बिल पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिल का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विष्णुदेव साय कैबिनेट का बड़ा फैसला, ट्रांसफर नीति को मंजूरी



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की वर्ष 2025 के लिए स्थानांतरण नीति का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत जिला स्तर पर स्थानांतरण 14 जून से 25 जून तक प्रभारी मंत्री द्वारा और राज्य स्तर पर विभागीय मंत्री की मंजूरी से होंगे, आवेदन 6 जून से 13 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

न्यूनतम दो वर्ष सेवा अनिवार्य है, गंभीर बीमारी, मानसिक/शारीरिक अक्षमता और सेवा निवृत्ति से पूर्व एक वर्ष के मामलों में विशेष सुविधा मिलेगी। अनुसूचित क्षेत्रों से स्थानांतरण हेतु एवजीदार अनिवार्य है, साथ ही सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर जैसे जिलों में रिक्त पदों को भरने का विशेष प्रयास रहेगा। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के मामलों में उनके संवर्ग की कुल संख्या का अधिकतम 10 प्रतिशत एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचाारियों में अधिकतम 15 प्रतिशत स्थानांतरण किए जा सकेंगे। परीविक्षाधीन अधिकारी-कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। पति-पत्नी की एक स्थान पर पदस्थापना, ग्रामीण-शहरी संतुलन और पारदर्शिता के लिए राज्य स्तर के सभी स्थानांतरण आदेश ई-ऑफिस के माध्यम से जारी होंगे। जिला स्तर पर निर्धारित समयावधि में स्थानांतरण जारी कर उसी तिथि को आदेश की प्रति सामान्य प्रशासन विभाग को मेल करना होगा। सभी जिला स्तरीय कर्मचारियों का संलग्नीकरण 5 जून 2025 से समाप्त माना जाएगा और जहां किसी कर्मचारी की आवश्यकता होगी स्थानांतरण नीति के अनुरूप स्थानांतरण किया जा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ट्राला पलटते ही चपटी हुई कार, चार बच्चों समेत दो परिवार में नौ मौतें



झाबुआ। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में मंगलवार देर रात एक भीषण हादसा हो गया। थांदला-झाबुआ मार्ग पर ईको कार पर ट्राले के पलटने से दो परिवारों के नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें चार बच्चे, तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। भीषण हादसे में एक महिला और एक बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग झाबुआ के भावपुरा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। सजेली रेलवे फाटक, निर्माणाधीन पुल के पास उनकी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वैश्विक गोलमेज चर्चाः सीजेआई गवई बोले-सेवानिवृत्त जजों का तुरंत पद लेना विश्वास कम करता है



न्यायिक निष्पक्षता पर भी जताई चिंता

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई नेन्यायपालिका की स्वतंत्रता और नैतिकता को लेकर गंभीर चिंता जताई है। कहा, सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद जजों द्वारा सरकारी नियुक्तियां अथवा चुनावी राजनीति में प्रवेश जनता न्यायपालिका की निष्पक्षता पर संदेह पैदा करता है। इससे लोगों में यह धारणा बना सकता है कि न्यायिक निर्णय पूर्व-निर्धारित स्वार्थों से प्रभावित थे।

### यूके में वैश्विक गोलमेज चर्चा में संबोधन

यूके की सुप्रीम कोर्ट में वैश्विक गोलमेज चर्चा में CJI गवई ने स्पष्ट कहा- न्यायपालिका को केवल निष्पक्ष न्याय नहीं देना चाहिए, बल्कि उसे सत्ता के सामने सच बोलने वाली संस्था के रूप में भी दिखना चाहिए। मैं और मेरे कुछ सहयोगियों ने सार्वजनिक संकल्प लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे।

### न्यायिक स्वतंत्रता की चुनौती

न्यायिक वैधता और सार्वजनिक विश्वास पर आयोजित चर्चा में CJI गवई ने स्वीकार किया कि कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों द्वारा चुनाव लड़ना या सरकारी पद स्वीकार करना, न सिर्फ न्यायपालिका की साख को कमजोर करता है। बल्कि जनता में यह विश्वास भी घटता है कि न्यायिक फैसले निष्पक्ष थे। CJI ने कॉलेजियम सिस्टम पर भी अपनी राय स्पष्ट की। कहा, कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना हो सकती है, लेकिन कोई भी ऐसा समाधान नहीं होना चाहिए जो न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 25 वर्षो से पदोन्नति की राह देख रहे 55 निरीक्षक बनेंगे डीएसपी



रायपुर। प्रदेश में विगत 25 वर्षों से पदोन्नति की राह देख रहे 55 निरीक्षक अब उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) बनेंगे। पुलिस विभाग के अंतर्गत कार्यरत निरीक्षक संवर्ग के वर्ष 1999 और 2000 बैच के निरीक्षकों को पदोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग में मात्र 17 रिक्त पदों के कारण यह प्रक्रिया अटकी हुई थी। इसके साथ ही रक्षित निरीक्षक संवर्ग से एक अधिकारी, विशेष शाखा (एसबी) से एक निरीक्षक, आर्म्स शाखा से एक निरीक्षक तथा कंपनी कमांडर पद पर कार्यरत सात अधिकारियों को सहायक सेनानी पद पर पदोन्नत किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से विगत दिनों अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर पदोन्नति की समस्या से अवगत कराया था। इस पर उन्होंने शीघ्र पदोन्नति का आश्वासन दिया था। उनके निर्देश पर डीएसपी के पदों में वृद्धि का निर्णय लेकर प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजा (शेष पृष्ठ 6 पर...)







## पहला कॉलम...

### 8 जून को डॉ. नन्दूलाल चोटिया स्मृति व्याख्यान एवं काव्य पाठ



राजनांदगांव (दावा)। प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में 8 जून रविवार को दोपहर 1 बजे सृजन संवाद में जनकवि डॉ. नंदूलाल चोटिया व्याख्यान तथा काव्यपाठ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अति सुप्रसिद्ध कथाकार लोकबाबू (भिलाई), विशिष्ट अतिथि अब्दुस्सलाम कौसर होंगे। इस अवसर पर डॉ. नंदूलाल चोटिया के व्यक्तित्व व कृतित्व पर उद्बोधन डॉ. कोमल सार्वा (दुर्ग) एवं प्रो. थानसिंह वर्मा का रहेगा। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश अध्यक्षता में आयोजित काव्य पाठ में शायर अब्दुस्सलाम कौसर, प्रभात तिवारी, सुधीर ठाकुर, संजय अग्रवाल, कुबेर साहू, आत्माराम कोशा अमात्य, संकल्प यदु, डॉ. लालचंद सिन्हा, मुन्नाबाबू, यश डॉ. गजेन्द्र बघेल, मुकेश रामटेके, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश साहू आदि काव्यपाठ करेंगे। उक्त कार्यक्रम में नगर के साहित्य एवं संस्कृतिकर्म से जुड़े कवि/ साहित्यकारों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### कबीर प्राकट्य महोत्सव 8 को



राजनांदगांव (दावा)। जिला कबीर पंथ समाज राजनांदगांव द्वारा 8 जून को कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सद्गुरू कबीर चौक (अग्रवाल ट्रांसपोर्ट जी.ई.रोड) राजनांदगांव में प्रातः 9 बजे महापौर मधुसूदन यादव द्वारा निर्माण हेतु भूमिपूजन किया जावेगा। भूमिपूजन पश्चात् सद्गुरू कबीर साहेब के अनुयायियों-सर्व महंतगण, दिवानगण, संतगण, भक्तगण द्वारा सद्गुरू कबीर चौक से भव्य शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होकर निकाली जावेगी। जो सद्गुरू करूणामय संस्थान शंकरपुर में समापन होगा। तत्पश्चात् सत्संग, प्रवचन, भजन एवं सात्विक यज्ञ चौका-आरती का आयोजन किया जावेगा। उपरोक्त कार्यक्रम में जिले के समस्त कबीरपंथ समाज के अनुयायियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजित कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिये उपस्थित होने की अपील जिला कबीर पंथ समाज राजनांदगांव द्वारा किया जाता है।

### 627वां कबीर जयंती महोत्सव कबीर आश्रम सुंदरा में 11 को

राजनांदगांव (दावा)। कबीर आश्रम सुंदरा में 11 जून को कबीर जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से बीजक पाठ एवं भजन सत्संग दोपहर 2 बजे तक, भोजन प्रसादी दोपहर 3 बजे से, आयोजक जितेंद्र साहेब, साध्वी एम करुणा साहेब, साध्वी आत्मप्रेम साहेब ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने काआग्रह किया है।

### आपदा प्रभावितों को राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत छुरिया तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत नाला के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, आग से 6 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 7 लाख 20 हजार रूपए, आग से 6 कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 15 हजार रूपए, आग से मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आज तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ में राजस्व शिविर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालयों में जनसामान्य के सुविधा की दृष्टिगत तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार 5 जून को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ में तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार को उपस्थित रहकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है। तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6-4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाये जाने से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त कर अतिशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा। जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव हो, उसे तत्काल शिविर स्थल में ही निराकृत किया जाएगा। शिविर में संबंधित न्यायालय के रीडर, भुईयां ऑपरेटर द्वारा त्वरित किये जा सकने वाले न्यायालयीन संबंधी कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएंगे।





श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# आर्ट ऑफ लिविंग का स्नेह बंधन संपन्न, प्रभा व किरण का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनंदगांव द्वारा आयोजित स्नेह बंधन 'अपनो से अपनो का मिलन' बहुत ही हर्षोल्लास एवं प्रेम भाव से डॉ सरिता बाजपेयी जी के सानिध्य मे पुष्पांजलि पैलेस में 1 जून को संपन्न हुआ।

स्नेह बंधन का शुभारंभ योग प्राणायाम के बाद पवित्र सुदर्शन क्रिया के साथ हुआ। तत्पश्चात् खेल-खेल मे ज्ञान और ध्यान की बातों का आदान प्रदान हुआ। डॉ सरिता बाजपेयी ने 5 सरल ज्ञान कुंजियों मे पूरा गीता का सार रख दिया।

डॉ सरिता ने स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक प्रगति मे आने वाली 9 प्रमुख बाधाओं का उल्लेख किया और उनका सारगर्भित उदाहरण और आसान निवारण भी बताया। उन्होंने आगे बताया की वर्तमान पल मे ही जीवन का सत्य और खुशी निहित है। जीवन की क्षणभंगुरता और अस्तित्व की विशालता पर भी प्रकाश डाला गया। बहुत ही सरल रुचिकर और खेल मनोरंजन के साथ जीवन के गंभीर विषयों और परेशानियों पर भी सार्थक वार्तालाप हुआ। सभी लोग अभीभूत और अचंभित हुए कि जीवन मे आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रवाह से हम कठिन से कठिन परिस्थितियों मे भी समत्व और सत्व के साथ आगे निकल सकते है। सभी ने सकारात्मकता से आगे बढ़ने का संकल्प लिया।




आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने आगामी 10 जून से 15 जून तक पुनः डॉ सरिता बाजपेयी के सानिध्य मे हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन पुष्पांजलि पैलेस मे किया है। सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया की हम अपनों के जीवन मे खुशियाँ लाने के लिए उक्त शिविर में, 101 नये लोगों का पंजीयन करेंगे।

इस अवसर पर ग्राम थानोद के गोसेवक किरण साहू को भजन गायन मे विशेष सेवा हेतु सम्मानित किया गया। सुश्री प्रभा ठाकुर को भी जिला शिक्षक समन्वयक बनने पर सम्मानित किया गया। राजनांदगांव आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने डॉ सरिता बाजपेयी का आभार एवं सम्मान किया। रायपुर से आये समीर उपाध्याय ने अपने सुमधुर भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से हरजीतसिंह, महेंद्र सिंह बन्नोआना, ज्ञानचंद लालवानी, अशोक कोचर, एस के ओझा, चंदू भीमनानी, अमर लालवानी, अशोक जैन, श्यामचरण गुप्ता, नरेश परचानी, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती करुणा यादव, श्रीमती माया गुप्ता, इंदुबैन ठक्कर, निमिषा, ठक्कर, खुशबू सोनी, पारुल नागवंशी, ज्योति पटेल, अंजू सिंह, दीप्ति साहू, नेहा जोशी एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से डोंगरगांव से इंदर साहू ने भी शिरकत की।

## सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी थे गुरूचरण सिंह छाबड़ा

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के पितृशोक में पहुंचे प्रदेश के दिग्गज नेतागण

राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के पूज्य पिता सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा का अस्वस्थता के चलते विगत दिनों निधन हो गया। सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी गुरूचरण सिंह छाबड़ा के निधन पर राजनांदगांव शहर ही नहीं पूरे प्रदेशभर के नेतागण उनके निवास स्थान सोनार पारा पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर पुष्पांजलि दी।

सरदार गुरूचरण सिंह छाबड़ा विगत 28 मई को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्णकर गुरूचरणों में लीन हो गए थे। उनकी आत्मिक कल्याणता एवं शांति के लिए गुरूद्वारा साहिब में 1 जून को वैरागमई कीर्तन एवं अंतिम अरदास और गुरू का लंगर किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए छग विधानसभा अध्यक्ष



डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि छाबड़ा एक जिंदादिल मजबूत आत्मविश्वास क्षमता के धनी व्यक्ति थे। उनकी धर्म के प्रति आस्था अनुकरणीय है। उनके निधन से शहर ने एक नेक व्यक्तित्व को खो दिया। श्री छाबड़ा धमतरी के पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा परिवार के दामाद थे। उद्योगपति बहादुर अली, समाजसेवी बल्देव सिंह भाटिया, जनरल सिंह भाटिया, मनोज बैद अध्यक्ष सकल जैन श्रीसंघ, मंशाराम मोटलानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत, पूर्व अध्यक्षद्वय अर्जुनदास पंजवानी, सावलदास मोटलानी, कुशलचंद पारख, मां पाताल भैरवी समिति अध्यक्ष राजेश मारू, गिरधारी पंजवानी, विजय गंगवानी, अमर लालवानी, गुरूमुखदास वाधवा, ट्रांसपोर्ट युनियन अध्यक्ष हरमेल सिंह झज, पिंकी भाटिया, तुलसी मानस प्रतिष्ठान पोषण शुक्ला, गोपाल वर्मा ने दी श्रद्धांजलि।

#### भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

छग पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव, अतुल रायजादा, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, आलोक बिंदल, प्रखर श्रीवास्तव, सुमीत भाटिया, सहित भाजपा नेता सहित बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक, राजनैतिक, पत्रकारिता जगत के लोग शोक संवेदना व्यक्त कर श्री छाबड़ा को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

## सिंगदई मुक्तिधाम सड़क होगा सीमेंटीकरण, महापौर यादव ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। सिंगदई वार्ड नं. 50 मुक्तिधाम रोड में सीमेंटीकरण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने आज भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है।

विधायक एवं सांसद द्वारा वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक-सांसद निधि के अलावा अन्य मद में अनुशंसा कर राशि दिलाए है। इसी कडी में सिंगदई मुक्तिधाम रोड निर्माण के लिए अधोसंरचना पर्यावरण निधि अंतर्गत 30 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिससे रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम रोड खराब हो गया था। जिसे बनाने की मांग की गई थी। मांग अनुसार सीमेंट रोड बनाने प्रक्रिया की गई और उसके निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त रोड का निर्माण जल्द किया जायेगा, ताकि बारिश के पूर्व रोड मूर्त रूप ले सके।

उक्त कार्यक्रम में जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, उप नेता प्रतिपक्ष व वार्ड पार्षद मुकेश साहू, पूर्व पार्षद राकेश रावटे व अरूण देवांगन, अलक चंद्राकर, कुशल साहू व अशोक देवांगन की उपस्थिति में महापौर ने मुक्तिधाम रोड निर्माण कार्य का पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपअभियंता श्रीमती ज्योति साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राजनांदगांव हॉकी लीग का भव्य आगाज



**36 वर्षों बाद चिखली स्कूल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता, पटरी पार क्षेत्र की 10 टीमें लेगी भाग**

राजनांदगांव (दावा)। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार क्षेत्र स्थित चिखली स्कूल मैदान में राजनांदगांव हॉकी लीग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता क्षेत्र में 36 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट को लीग कम नॉकआउट पद्धति में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में जिले की 10 प्रमुख टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें हैं - शंकरपुर फाइटर्स, शांति नगर सुरमा, गवर्नमेंट प्रेस टाइटन्स, चिखली ड्रैगन्स, शिवनगर बुल्स, दीनदयाल चैलेंजर्स, रामनगर हीरोज, राइजिंग स्टार्स गौरी नगर, सोला खोली स्ट्राइकर्स तथा रमन बाजार वॉरियर्स आदि टीमें है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि 36 वर्षों के अंतराल के बाद रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हॉकी लीग का आयोजन इतिहास को दोहराने और गौरव लौटाने का अवसर है। यह आयोजन राजनांदगांव के उभरते खिलाड़ीयों को मंच प्रदान करेगा।

#### अंतर्राष्ट्रीय स्तर की व्यवस्था

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट का संचालन अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ हॉकी एवं हॉकी इंडिया के प्रशिक्षित अंपायर्स और अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। आज के मुकाबले (3 जून) शिवनगर बुल्स बनाम रमन बाजार वॉरियर्स के मध्य दोपहर 1 बजे, शंकरपुर फाइटर्स बनाम शांति नगर सुरमा दोपहर 2 बजे, गवर्नमेंट प्रेस टाइटन्स बनाम चिखली ड्रैगन्स के मध्य शाम 4 बजे आयोजित की जाएगी।

## लिखित एवं कौशल परीक्षा 16 को

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजनांदगांव अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मानव संसाधन की पूर्ति हेतु 33 प्रकार के पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर प्रावधिक मेरिट सूची एवं लिखित व कौशल परीक्षा के साथ दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। जारी सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है। लिखित एवं कौशल परीक्षा का आयोजन 16 जून को किया गया है। परीक्षा का स्थान एवं समय-सारणी पृथक से राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/388/निविदा/लोक-11/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 04/06/2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रूपये लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं. 34 स्थित शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन व शौचालय मरम्मत कार्य। | 1.00 | 24/06/25 |
| 2 | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं. 30 अटल आवास के पास नाली निर्माण कार्य। | 3.50 | 24/06/25 |
| 3 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 21 रेवाडीह इस्कॉन विहार में बोर में सबमर्सिबल पंप एवं सिंटेक्श टंकी लगाने कार्य | 1.49 | 24/06/25 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोककर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn. com&http:// www.wad. cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आ.क्र. 51/जसं/2025

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

### नाम परिवर्तन

मैं SHRADDHA PAREKH D/O SURESH CHANDRA PAREKH (DOB 15/12/1977) धमतरी की निवासी थी। विवाह के पश्चात मेरा नाम SHRADDHA SANKHALA, W/O SUDHIR KUMAR SANKHLA हुआ। मैंने अपना नाम परिवर्तित करके अब SHRADHA SANKHALA रख लिया है। अब से सभी शासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में यही नाम से जानी जाऊंगी।

SHRADHA SANKHALA
w/o SUDHIR KUMAR SANKHLA
HOUSE 49/1, WARD-24
KAMPTHEE LINE,
RAJNANDGAON

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-4-8
778-2 470-1
राजधानी
2-7-0
588-1 479-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका जिला - राजनांदगांव

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.........बी-121 वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज धनकर आ. राजू लाल निवासी ग्राम/शहर बरबसपुर प.ह.नं.14 तहसील घुमका जिला राजनांदगांव पुत्र/पुत्री/माता/पिता/ अन्य रूखमणी बाई आ. हीरालाल जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र कि मांग कि गई है उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु दिनांक 18/11/2010 को स्थान बरबसपुर पर होना बताया जाकर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 11/06/2025 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 30/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/05/2025
सुनवाई दिनांक 11/06/25

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्र./अविअ/प्रवा.-03/2025
राजनांदगांव, दिनांक 25/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजभारती बग्गा पिता अमेल सिंह बग्गा, निवासी मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम तोरनकट्टा, पटवारी हलका नंबर 57, खसरा नंबर 5/11 रकबा 0.2830 हे. के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है। उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 03/06/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 20/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
राजनांदगांव

### छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
**राजनांदगांव वनमंडल, राजनांदगांव** कार्यालय-225059

सर्वसाधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मंडल के डिपो में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार डिपो, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

चिरचारी काष्ठागार, नीलामी दिनांक :- 17-06-2025 समय प्रातः 9.00 बजे

काष्ठागार का नाम :- चिरचारी, वनमण्डल :- राजनांदगांव

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली/डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली/डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली/डे.नग |
| 1 | सागौन | 197.158 | 3849 | 333.886 | 4402 | 531.044 | 8251 |
| 2 | साजा | 58.720 | 684 | 21.203 | - | 79.923 | 684 |
| 3 | बीजा | 159.200 | 3622 | 186.620 | 220 | 345.820 | 3842 |
| 4 | ह.मु.ख. | - | - | 3.864 | - | 3.864 | - |
| 5 | धावड़ा | 168.358 | 1211 | 1.623 | - | 169.981 | 1211 |
| 6 | कसही | 27.300 | 95 | 3.857 | 3 | 31.157 | 98 |
| 7 | नीलगिरी | 2.283 | 15 | - | - | 2.283 | 15 |
| 8 | तिन्सा | 4.748 | 57 | 0.496 | 14 | 5.244 | 71 |
| 9 | सलिहा मोदे | 75.302 | 22 | - | - | 75.302 | 22 |
| 10 | कर्रा | 46.070 | 1271 | - | - | 46.070 | 1271 |
| 11 | भिरहा | 17.964 | - | - | - | 17.964 | - |
| 12 | अन्य | 98.335 | 780 | 2.419 | - | 100.754 | 780 |
| | योग | 855.438 | 11606 | 553.968 | 4639 | 1409.406 | 16245 |
| | 1. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 60 चट्टा नया | | | | | | |
| | 2. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 336 चट्टा नया | | | | | | |
| | 3. अस्थाई डिपो डोंगरगांव का मिश्रित जलाऊ 276 चट्टा नया | | | | | | |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

जी- 252601346/3

वन मंडलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

# हेल्थ मेले में 'दाई-बबा दिवस' का आयोजन शहरी पीएचसी मोतीपुर के स्वास्थ्य शिविर में महापौर मधुसूदन रहे उपस्थित




राजनांदगांव (दावा)। आज 4 जून को 'दाई-बबा दिवस' का आयोजन शहरी पीएचसी मोतीपुर में महापौर मधुसुदन यादव, स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन पार्षद शैंकी बग्गा, वार्ड पार्षद कमलेश बंधे, पार्षद मनोहर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डॉ. विकास राठौर, डॉ. पूजा मेश्राम, डॉ. शैलेष जोशी, डॉ. दीपांशु शर्मा, शहरी सुपरवाईजर कौशल शर्मा, पंकज झा, श्रीमति नूतन साहू, श्रीमति मंजू साहू, अरविंद वर्मा, नेतराम मंडावी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी व वरिष्ठ नागरिकगण की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में शासन-प्रशासन द्वारा जनता के लिए संचालित इस स्वास्थ्य शिविर को आमजन के लिए कल्याणकारी बताया एवं अधिक से अधिक संख्या में इससे लाभान्वित होने, साथ ही अपने घर परिवार एवं आसपास के लोगों को भी लाभान्वित करने के लिए आव्हान किया। उन्होंने उपस्थित जनता से संवाद करते हुए इस हेल्थ मेले में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बेहतर सेवा देने के लिए सराहना की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने अपने संबोधन में बताया कि जिले में आम लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हर बुधवार को होने वाले मेले के अंतर्गत 4 जून को 'दाई-बबा दिवस' का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुच को सुदृढ़ करना हैं। 'दाई-बबा दिवस' की थीम 'हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर' रखी गई हैं। सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिन के सहयोग से बच्चों को प्रेरित किया कि, वे अपने दादा-दादी या नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले मे आएं। जिले में कुल 7454 बुजुर्गों का रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद, व अन्य स्वास्थ्य की जांच, मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण, योगा किया गया। साथ ही कुल 234 आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाया गया। प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज किये गये। जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उनका कार्ड बनवाया गया।

# मां भैरवी शक्तिधाम खैरा में गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा



**पीठाधीश्वर गुरू मां सुमिरन माई के आशीर्वाद से श्री भैरवी धाम जनकल्याण समिति के तत्वाधान में हुआ भव्य और ऐतिहासिक आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। पीठाधीश्वर गुरू मां सुमिरन माई की अनन्य कृपा से श्री भैरवी धाम जनकल्याण समिति द्वारा नवनिर्मित श्री भैरवी शक्तिधाम तांत्रोक्त शक्तिपीठ एवं साधना केंद्र खैरा में पांच दिवसीय भव्य देवी पूजन प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन गत 1 से 5 जून तक आयोजित हो रहा है। इसी तारतम्य में भव्य कलश यात्रा माता के जसगीत के साथ गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। उक्त अवसर पर देश प्रदेश से आए संत और आसपास के ग्रामीण सहित शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। दिनांक 5 जून को भंडारे के साथ इस पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का समापन होना है।

उक्तशय की जानकारी देते हुए आयोजक मंडल ने बताया कि उक्त आस्था के केंद्र में मां भगवती भैरवी, मां दंतेश्वरी, मां दक्षिण काली के साथ श्री हनुमान जी और बाबा काल भैरव जी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी शनिवार 31 मई को जलयात्रा, ज्येष्ठ शुक्ल षष्ठी रविवार 1 जून को देव आवाहन स्थापना, मूर्ति संस्कार, ब्राह्मण बरणा, जलाधिवास, ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी सोमवार 2 जून को आवाहित देवताओं का पूजन, जप-पाठ, अन्नाधिवास, ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी मंगलवार 3 जून को आवाहित देवताओं का पूजन, मूर्ति उत्थापन, जप-पाठ, पंचामृताधिवास, पुष्पाधिवास, ज्येष्ठ शुक्ल नवमीं बुधवार 4 जून को आवाहित देवताओं का पूजन, जप-पाठ, मूर्तियों का महास्नान-नाना प्रकार की औषधि पल्लव विष्ट, समुद्रजल, तीर्थ जल आदि से संध्याधिवास का अनुष्ठान किया गया। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी गुरुवार 5 जून को पूजन मूर्ति न्यास, नेत्रोंमूलन संस्कार, मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, श्रृंगार, प्रथम पूजा, भोग, आरती, महाप्रसादी एवं भंडारा प्रातः 12.30 से लेकर देर रात्रि 10.40 बजे तक एवं अतिथि एवं संत सत्कार दोपहर 1 से 2 बजे तक आयोजित होना है। समिति ने उक्त पुनित समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन 6 को रायपुर में, राजनांदगांव के भी व्यापारी रहेंगे उपस्थित

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन होंगे मुख्य अतिथि**

राजनांदगांव (दावा)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा संकल्प वोकल फॉर लोकल व्यापारी सम्मेलन रायपुर में आयोजित है। इस सम्मेलन में राजनांदगांव के भी व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल होने जाएंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील सिंघी, अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) तथा कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि राजेश मूणत, विधायक रायपुर पश्चिम विधानसभा, देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी होंगे। प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वाधान में ऑपरेशन सिन्दूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल, प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 6 जून को दोपहर 3:30 बजे मैक कॉलेज ऑडीटोरियम में होगा। इस दौरान मुख्य रूप से राजू डागा, राजा मखीजा, संजय तेजवानी, शरद अग्रवाल, गुरुमुख दास वाधवा, अपठित संदेश, अकरम कुरैशी, अरुण शुक्ला, आलोक बिंदल, चिन्टू बग्गा, आकाश चोपडा, अमित खण्डेलवाल अनिल बरडिया, योगेश खत्री, संजय रिजवानी, प्रशांत अग्रवाल, संजय लड्डा, मनदीप झाज आदि होंगे।

# पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम की जब्त



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तुमड़ीबोड चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले आरोपी के पास से 18 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब व बिक्री की रकम 200 रुपए जब्त की है। पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। बता दें कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा बदमाशों एवं अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालो पर पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

बुधवार 4 जून को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अवैध रूप से ग्राम खैरी मोड जी.ई.रोड के पास काला रंग के बैंग में शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सुचना पर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी गंगा प्रसाद साहू पिता रामेश्वर साहू उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम सिवनीखुर्द बोदेला पुलिस चौकी तुमडीबोड को अभिरक्षा में लेकर गवाहों की उपस्थिति में वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से एक काला रंग के बैग में रखे 18 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी व्हीस्की शराब मात्रा 3240 बल्क लीटर कीमती 2160 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये कुल जुमला 2360 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(ए) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरी. दिलीप कुमार पटेल, प्र.आर.जगत राम ठाकुर, आरक्षक राकेश वर्मा की भूमिका सराहनीय रही है।

# पुल-नालों की सफाई, जलभराव से मिलेगी निजात - जैनम



राजनांदगांव (दावा)। बारिश से पूर्व वार्ड क्रमांक 37 महावीर वार्ड में नाला-नालियों की सफाई करवाई जा रही है। इस दौरान गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर के पीछे नाला से अतिक्रमण हटाकर इसकी सफाई करवाई गई है। पार्षद जैनम बैद ने कहा कि कई सालों से यहां ओवरफ्लो की दिक्कतें आ रही थी। इस बार जेसीबी और गैंग की मदद से इसे साफ किया गया है। बड़ी मात्रा में इसमें रेत और कचरा जमा हुआ था। जिसे साफ किया गया है। पार्षद जैनम बैद ने बताया कि इसी तरह जगन्नाथ पुलिया हर बारिश में जाम हो जाती थी। इसकी वजह से रहवासियों को काफी दिक्कतें होती थी। इसे इस बार गैंग की मदद से साफ करवाया गया है। सफाई करने पर पुल में लकड़ी फंसी मिली। जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया है। इसी तरह डबरी पारा में भी बरसात में जलभराव की स्थिति बनती रही है। यहां भी काफी कचरा और गंदगी जमा थी। इसे गैंग और जेसीबी लगाकर पूरी तरह साफ किया गया है।

जैनम ने बताया कि नालों के ऊपर बनाए गए प्लेटफार्म के चलते भी सफाई में दिक्कतें आती है। उन्होंने कहा कि इस बार सालों पुरानी समस्याओं को सुलझाने का पूरा प्रयास किया गया है, ताकि रहवासियों को बरसात में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी यह कार्य जारी रहेगा। जरुरत पड़ने पर समय-समय में नालों और नालियों की सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गंदगी और नाला-नालियों की सफाई के संबंध में वार्डवासियों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं। वे इस संबंध में पार्षद कार्यालय या सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं।

# जलाशय को पट्टे पर दिए जाने हेतु 18 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत राजनांदगांव अधीनस्थ छुरिया विकासखंड स्थित घुमरिया सिंचाई जलाशय को अनुबंध निष्पादन तिथि से 15 जून 2035 तक मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय हेतु 10 वर्ष के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। घुमरिया सिंचाई को पट्टे पर लेने हेतु इच्छुक पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह, स्थानीय महिला स्वसहायता समूह, मछुआ व्यक्ति, मछुआ कृषक एवं अन्य पात्र व्यक्ति 18 जून तक कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# शिविर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम'



राजनांदगांव (दावा)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में 'भारतीय भाषाओं की विविधता के सम्मान की ओर एक कदम' के अंतर्गत 27 मई से 2 जून तक चल रहे मराठी भाषा का प्रशिक्षण ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन विविध सांस्कृतिक और भाषाई प्रशिक्षण के साथ हुआ। सात दिवसीय इस शिविर में सुश्री मेघा सहार, नारद जांगडे, शुभमय मुखजी, अमित कुमार सिंह, श्रीमतो मोहिनी साहू ने विद्यार्थियों को अक्षर संख्या, वर्चुअल शहर भ्रमण, वास्तविक जीवन वार्तालाप अभ्यास, खरीदारी, रास्ता पूछना जैसे संवाद अभ्यास, चित्रकला संगीत के साथ-साथ स्थानीय व्यंजन, मशालों, फलों व सब्जियों के नाम संस्कृत की सराहना, नदी, पहाड़ों, ऐतिहासिक इमारतों, स्मारकों से अवगत कराया गया। समापन अवसर पर मराठी भाषा की विशेषज्ञ के रूप में नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की शिक्षिका सुश्री अर्चना वाडेकर एवं सुश्री शशि प्रभा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सुश्री अर्चना वाडेकर ने विद्यार्थियों को मराठी भाषा में संवाद, परिचर्चा, समूह गीत और विचार अभिव्यक्ति जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। भाषाओं के ज्ञान की महत्ता पर बल देते हुए प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता ही इसकी सांस्कृतिक सम्पन्नता का आधार है। यह शिविर एक नई भारतीय भाषा से जुड़ने का सशक्त माध्यम बना। प्रेरणा और प्रमाण पत्र वितरण के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चतुर्थ पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन




**0 मुख्यमंत्री से पंचगव्य चिकित्सा को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक चिकित्सा घोषित करने की मांग**
**0 आने वाली पीढ़ी के लिए आयुर्वेद के ज्ञान, स्थानीय गौवंश एवं वृक्षों की रक्षा करना जरूरी - डॉ. निरंजन वर्मा**
**0 गाय के विज्ञान को कृषकों तक पहुंचाने की आवश्यकता**
**0 गौशाला के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए चारा उपलब्ध कराने का सुझाव**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चतुर्थ पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पंचगव्य विद्यापीठम् कांचीपुरम् तमिलनाडु के संस्थापन एवं गुरूकुलपति व प्रसिद्ध गव्यसिद्ध आचार्य डॉ. निरंजन वर्मा 'गुरूजी' द्वारा गौविज्ञान एवं पंचगव्य चिकित्सा पर विशेष व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल उपस्थित थे।

डॉ. निरंजन वर्मा ने कहा कि गाय की रक्षा का विषय सदियों से भारतीयों के मध्य रहा है। पृथ्वी के सम्पूर्ण भूगोल में गाय वास करती थी। भारत में धर्म और अफ्रीका महाद्वीप के कुछ देशों में जंगलों को बचाने की उपयोगिता के आधार पर गौवंशों को बचा लिया गया। इसके अलावा गाय के भक्षण करने वाले अन्य सभी देशों में गाय की संपूर्ण प्रजाति विलुप्त हो गई। उन्होंने बताया कि 1945 में सर्वे के आधार पर भारत में 34 करोड़ गाय थी, लेकिन आज 4-5 करोड़ गौवंश ही देश में बचा हुआ है। इसका मुख्य कारण गाय की उपयोगिता को नष्ट करना है। गाय की उपयोगिता को पुनः स्थापित कर गौवंशों की रक्षा की जा सकती है। सुखद बात है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय गौवंशों की संख्या अधिक है, लेकिन दुख की बात यह है कि वह किसानों के घरों की जगह सड़कों पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगने वाले पशु मेले में पहुंचने वाले 98 प्रतिशत कसाई होते है और पात्र 2 प्रतिशत ही किसान होते है, उन्होंने राज्य शासन को सुझाव देते हुए पशु मेले को प्रतिबंधित करने का आग्रह किया। डॉ. निरंजन वर्मा ने गौशाला के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए राज्य सरकार से किसानों से अनाज के साथ ही चारा खरीदने और गौशालाओं को आर्थिक सहायता देने के स्थान पर खरीदे गए चारा को उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। इससे किसान चारा को जलाएगा नहीं और किसान को अतिरिक्त आमदनी भी होगी।

डॉ. निरंजन वर्मा ने बताया कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में गौवंशों के सिंघों के बनावट के आधार पर वर्षा होती है। स्थानीय गौवंशों के कारण ही छत्तीसगढ़ समवृष्टि वाला प्रदेश है। जिसके कारण यहां न ज्यादा बाढ़ आने की संभावना रहती है और न ही ज्यादा सूखा पड़ता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्थानीय गौवंशों की उपेक्षा हो रही है और अन्य प्रदेशों के गौवंशों को लाया जा रहा है, जो अनुचित है। उन्होंने आने वाले पीढ़ी को प्राकृतिक छत्तीसगढ़ देने के लिए स्थानीय गौवंशों को बचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 30 साल पहले भू-जल का स्तर 10-15 फीट था, जो आज 300 से 400 फीट नीचे चला गया है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि गोबर के रस के उपयोग से 4-5 सालों में भू-जल के स्तर को पुनः 10-15 फीट तक लाया जा सकता है। गोमूत्र वाष्पकृत होकर बादलों में जाने से मेघों का शुद्धिकरण होता है और वर्षा के रूप में शुद्ध जल मिलता है। इसलिए गाय के विज्ञान को कृषकों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। प्राचीन भारत के गुरूकुलों में गुरू, गाय व वट वृक्ष के सानिध्य से भारत में अनेक ज्ञानी हुए। छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि सबसे ज्यादा वट वृक्ष छत्तीसगढ़ में है। आयुर्वेद से वृट, नीम, पीपल, बरगद, साल जैसे श्रेष्ट वृक्षों की उपयोगिता को हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए आयुर्वेद के ज्ञान, स्थानीय गौवंश एवं वृक्षों की रक्षा करने की आवश्यकता है।

डॉ. निरंजन वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में मिट्टी का विज्ञान एवं श्रृष्टि का ज्ञान समाहित है, जो तेज गति से लुप्त हो रहा है, जिसे बचाना बहुत जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से स्वाभिमान के साथ अपने बच्चों से मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में बातचीत करने की आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सभी सरकारे स्वस्थ्य बजट को बढ़ाते जा रही है, लेकिन बीमारी घटने के बदले बीमारों की संख्या बढ़ती जा रही है। हमारा शरीर और पृथ्वी पंच महाभूत-भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाश तत्वों में बना है। इन पांचों तत्वों के असंतुलन से ही पृथ्वी एवं शरीर में बीमारियां आती है। गाय के गोबर में 23 प्रतिशत ऑक्सीजन होता है और मनुष्य की आवश्यकता 20.8 प्रतिशत है। जिस घर में गाय रहती है, उस घर में वायरस टीक नहीं सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गौपालन से स्वास्थ्य बजट को कम किया जा सकता है।

डॉ. निरंजन वर्मा ने, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गाय के गव्यों से चिकित्सा को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक चिकित्सा घोषित करने का अनुरोध किया। ऐसा करने से गाय का संरक्षण व संवर्धन होगा। गाय से मिलने वाले दूध, गोमय, गोमूत्र के मेडिकल एप्लीकेशन से गौपालकों को आर्थिक लाभ मिलेगा और स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि विदेशों में भारतीय गौमूत्र एवं गोबर की बड़ी मांग है। पंचगव्य विद्यापीठम् के प्रयासों से गाय के विज्ञान को विदेशों तक पहुंचाया जा रहा है। पंचगव्य चिकित्सा से कोई भी रोग ठीक किया जा सकता है। अमेरिका ने गौ विज्ञान को समझते हुए 20 वर्ष पहले ही गौमूत्र पर पेंटेल ले लिया था। विदेशी बाजार खुलने से गाय का गोबर व गौमूत्र बिकने से किसानों को आर्थिक लाभ होगा।

छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गाय सनातन संस्कृति का केन्द्र बिंदु है। गाय को केन्द्र बिंदु बनाकर समाजिक संरचना नहीं की जाएगी, तब तक भारत पुनः विश्वगुरू नहीं बन सकता है। उन्होंने बताया कि पंचगव्य में रोगप्रतिरोधक क्षमता होती है। प्रतिदिन पंचगव्य का सेवन करने से विभिन्न रोगों से बचा जा सकता है। रायायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुन उपयोग से धरती बीमारी हो गई है। धरती को पुनस्वस्थ्य बनाने के लिए गौ-आधारित कृषि को अपनाना होगा। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष भाजपा कोमल सिंह राजपूत, छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर असोसिएशन के संरक्षक राधेश्याम गुप्ता व अध्यक्ष गव्यसिद्ध डॉ. अवधेश कुमार ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में बाल गव्यसिद्ध ने गौ विज्ञान की जानकारी देते हुए गौ आधारित जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद खेमीन राजेश यादव, सतीश चंदेले, ओड़िशा के आचार्य धर्मराज, ओम प्रकाश शर्मा, डॉ. विकास सिंह राठौर, गव्यसिद्ध डॉ. प्रमोद कश्यप, मुकेश स्वर्णकार, धीरेन्द्र यादव, डिलेश्वर साहू सहित समाज सेवी, गौ-सेवक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गव्यसिद्ध डॉ. पुरूषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

# पर्यावरण बचेगा तो सबके प्राण बचेंगे - कृष्ण कुमार द्विवेदी



राजनांदगांव(दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अतिशय महत्तम परिप्रेक्ष्य में नगर के पर्यावरण विज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक विचार विमर्श में बताया कि वर्तमान में बढ़ता चतुर्दिक प्रदूषण, विलुप्त होते जलस्त्रोत, घटती हरियाली-हरितिमा के कारण निरंतर बढ़ते तापमान आदि से पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन प्रत्यक्षतः दिखाई देने लगा है। जिसके फलस्वरूप संपूर्ण विश्व में पर्यावरणीय संकट इस तरह खड़ा हो गया है कि आज हमारे जीवंत ग्रह पृथ्वी पर जीवन बचाने का एक गंभीर मुद्दा सामने आया है। आज पर्यावरणीय प्रश्न ही प्रश्न है सांस के लिए हवा जहरीली हो चुकी है, पीने के पानी में प्रदूषण का जहर घुल चुका है, फसलें उगाने वाली मिट्टी बुरी तरह प्रदूषित हो चुकी है। इन गहन समस्याओं के कारण धरा पर सामान्य जीवनक्रम/चर्या भयावह हो चुकी है। हवा, पानी, मिट्टी सब बुरी तरह दूषित हैं और इसीलिए मनुजता भी प्रदूषित है। नव तकनीक और विज्ञान की असंख्य उपलब्धियों के बावजूद सारा विकास पोथा लगता है। इन गहन पर्यावरण संकटों के मूल में वास्तव में मानव की अति भौतिकवादी विचारधारा युक्त जीवनचर्या हैं और उसके कार्य हैं। रही सही कसर प्लास्टिक कचरें/अवशिष्ट ने और बढ़ा दी है। वर्तमान में प्लास्टिक मानव जीवन में इस तरह घर कर गया है कि प्रत्येक कार्य/उपक्रम प्लास्टिक के बिना पूरा नहीं होता है। इसके कारण देश-धरती नें 42 लाख से ज्यादा लोग प्रतिवर्ष प्लास्टिक प्रदूषण से ग्रसित होकर काल कवलित होते जा रहे है। डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आकड़ों के आधार पर विगत अर्द्धसदी में ही पर्यावरण संकट बहुत बढ़ा है और जिसके लिए मनुष्य ही स्वयं जिम्मेदार है। इस गहन संकट से बचने और जन-जन को जागरूक करने के लिए ही यूएनओ ने सन 1972 से 5 जून को विश्व पर्यावरण मनाने का आह्वान किया था। किन्तु उल्लेखनीय है कि वर्ष में केवल एक दिन पर्यावरण दिवस मनाकर हम विशालकाय धरती पर गहराते पर्यावरण संकट से बच नहीं सकते और ना ही मानव सभ्यता को बचा पायेंगे। इसके लिए आवश्यक होगा कि सभी देशों में सर्व जन-जन मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए मन-प्राण से संकल्पित हों।

डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने कहा कि घर-घर में हरियाली हो, जल संरक्षण के प्रभावी उपाय हो और मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति नित्य जीवनक्रम में एक/दो घंटे पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन हेतु कुछ काम करें, पहल करें। हमारी सनातन संस्कृति के अनुसार प्राकृतिक पर्यातत्वों को देवतुल्य मानकर संरक्षण-संवर्धन की पुरातन पहल आवश्यक और सामयिक है।

## अनमोल दावा

**"समय कभी नहीं रुकता, आज यदि बुरा चल रहा है तो कल अवश्य अच्छा आएगा।**

## भारत की भलाई की जानबूझकर अनदेखी देश हित पर भारी पड़ रहे दलगत स्वार्थ

आखिरकार शशि थरूर के बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने और आपरेशन सिंदूर का औचित्य बताने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अपने एक और नेता सलमान खुर्शीद पर भी हमला बोल दिया। जैसे थरूर ने ऐसे नेताओं का नाम न लेते हुए उन्हें जवाब दिया, वैसे ही खुर्शीद ने भी।

इसी के साथ उन्होंने अपनी पीड़ा बयान करते हुए यह प्रश्न भी किया कि क्या देशभक्त होना इतना कठिन है? यह केवल एक प्रश्न नहीं, पीड़ा भी है। इस पीड़ा का अनुभव कांग्रेसजन भी कर रहे होंगे, लेकिन वे कुछ कह नहीं सकते, क्योंकि उन्हें भी पता है कि थरूर और खुर्शीद पर हमले पार्टी नेतृत्व के करीबी कर रहे हैं।थरूर और गांधी परिवार के रिश्ते शायद तबसे ठीक नहीं चल रहे, जबसे उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे के विरुद्ध अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा। राहुल गांधी के अति विश्वासपात्र जयराम रमेश ने उन पर कटाक्ष करते हुए कहा था, च्कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने मेंज् फर्क होता है। लोकसभा चुनाव का टिकट न मिलने पर पाला बदलने और अब खुद को कांग्रेस का सिपाही कहने वाले उदितराज की समझ से थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं।अतीत में नरेन्द्र मोदी और शशि थरूर एक-दूसरे की आलोचना कर चुके हैं। बाद में कुछ मौकों पर दोनों ने एक-दूसरे की प्रशंसा भी की। थरूर ने आपरेशन सिंदूर को भारत की उचित प्रतिक्रिया बताते हुए ट्रंप पर भी निशाना साधा। थरूर के विपरीत सलमान खुर्शीद गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। वह पहले भी भाजपा के आलोचक रहे हैं और अब भी हैं।उन्होंने कहा भी, च्क्या यहां मैं सरकार का विरोध करने आया हूं? यदि ऐसा करना होगा तो भारत जाकर करूंगा। यहां तो मैं भारत के पक्ष में बोलने आया हूं।ज् यह वही खुर्शीद हैं, जिन्होंने अपनी किताब में लिखा था कि हिंदुत्व इस्लामिक स्टेट और बोको हराम जैसा है। तब उनकी आलोचना इसी स्तंभ में की गई थी। खुर्शीद पर इसलिए निशाना साधा गया, क्योंकि इंडोनेशिया में उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनु. 370 हटाने को सही बताया। ध्यान दें कि इस अनुच्छेद को हटाने के फैसले का समर्थन करने वाले कांग्रेस के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। यह राहुल गांधी और उनके करीबी ही बता सकते हैं कि थरूर के साथ खुर्शीद को निशाने पर लेने से कांग्रेस या फिर देश के कौन से हित सध रहे हैं, क्योंकि आम लोगों के लिए इसे समझना कठिन है। क्या कांग्रेस नेतृत्व यह बुनियादी बात भी नहीं समझता कि मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार और भारत में अंतर है?

आम तौर पर अपने ही नेता की आलोचना गुटबाजी, उसके बढ़ते कद या फिर नेतृत्व की उससे नाराजगी के चलते की जाती है। सलमान खुर्शीद कांग्रेस के ऐसे नेता नहीं हैं, लेकिन उन्हें भी नहीं बख्शा गया। अपने देश में दूसरे दलों और उनके नेताओं पर सही-गलत आरोप लगाने में कोई समस्या नहीं होती, लेकिन इसका भी एक समय होता है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद निशिकांत दुबे विश्व में भारत की बात कहने से ज्यादा जोर एक्स पोस्ट के जरिये कांग्रेस पर हमला करने में दे रहे हैं। हैरानी है कि सरकार और भाजपा की ओर से कोई उनसे यह क्यों नहीं कह रहा कि दुबे जी, जरा थम जाएं, देश लौटकर कांग्रेस का कच्चा-चिट्ठा खोलिएगा और अभी उस पर ध्यान दें, जिसके लिए विदेश गए हैं।

# भारत समेत इन देशों में एंटीबायोटिक्स को लेकर क्यों बढ़ी चिंता

**सौतिक बिस्वास**

एक तरफ़ तो दुनियाभर में एंटीबायोटिक्स का ज़रूरत से ज़्यादा इस्तेमाल हो रहा है. इन्हें तब तक इस्तेमाल किया जा रहा है जब तक कि इसका असर ही ख़त्म न हो जाए.इससे रोगाणुओं की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ रही है. साथ ही जानलेवा सुपरबग्स (एक प्रकार का बैक्टीरिया) का ख़तरा भी बढ़ता जा रहा है वहीं, दूसरी ओर ऐसे भी लोग हैं जिनकी ये दवाएं ना मिलने से मौत तक हो रही है. डॉक्टरों का कहना है कि यह एक गंभीर विरोधाभास है. गैर लाभकारी संस्था ग्लोबल एंटीबायोटिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट पार्टनरशिप (जीएआरडीपी) ने निम्न और मध्यम आय वाले आठ देशों में लगभग 15 लाख कार्बापेनम प्रतिरोधी ग्राम नेगेटिव (सीआरजीएन) संक्रमण के मामलों में एंटीबायोटिक्स तक लोगों की पहुंच की जांच की.जीएआरडीपी की स्टडी में ये बात सामने आई है कि कार्बापेनम प्रतिरोधी ग्राम नेगेटिव (सीआरजीएन) से ग्रस्त केवल 6.9 फ़ीसदी लोगों को ही उचित इलाज मिल पाया. द लांसेट इन्फेक्शियस डिजीज़ की स्टडी के अनुसार, भारत में सीआरजीएन संक्रमण के सबसे अधिक मामले थे और इसके इलाज़ के लिए भी एंटीबायोटिक दवाओं के 80 प्रतिशत कोर्स खरीदे गए. लेकिन फिर भी भारत सिर्फ़ 7.8 प्रतिशत लोगों का ही इलाज कर सका.एंटीबायोटिक्स के पूरे कोर्स का मतलब है वह दवाइयों का पूरा सेट जो एक मरीज को संक्रमण को पूरी तरह ठीक करने के लिए एक निश्चित अवधि तक लेना होता है. पानी, खाना और इंसानों की आंतों में आम तौर पर पाए जाने वाले ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया से यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फ़ेक्शन (यूटीआई), निमोनिया और फूड पॉइजनिंग तक हो सकते हैं.ये बैक्टीरिया नवजात शिशुओं और बुज़ुर्गों दोनों के लिए गंभीर ख़तरा बन सकते हैं.



खासकर उन लोगों के लिए जो अस्पताल में भर्ती मरीज हैं और जिनकी इम्युनिटी कमजोर होती है.

ये संक्रमण तेजी से आईसीयू जैसी जगहों पर फैलते हैं. इसका इलाज बहुत मुश्किल होता है और कभी-कभी तो इलाज ही संभव ही नहीं हो पाता.

कार्बापेनेम-प्रतिरोधी ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण का इलाज इससे अधिक मुश्किल होता है. ऐसा इसलिए क्योंकि इन बैक्टीरिया पर सबसे ताकतवर एंटीबायोटिक का असर भी नहीं होता. डॉक्टर अब्दुल गफूर चेन्नई के अपोलो अस्पताल में इंफेक्शियस डिजीज़ विशेषज्ञ हैं.

वो कहते हैं, ÷ये संक्रमण सभी उम्र के लोगों के लिए रोज़मर्रा की सच्चाई बन चुका है. हम अक्सर ऐसे मरीज़ों को देखते हैं जिन पर एंटीबायोटिक असर नहीं करती और उनकी जान चली जाती है.÷

ये विरोधाभास काफी क्रूर है. एक ओर दुनिया एंटीबायोटिक के ज़रूरत से अधिक इस्तेमाल को रोकने की कोशिश कर रही है. वहीं दूसरी तरफ़ ग़रीब देशों में लोगों की ऐसी बीमारियों से जान जा रही है, जिसका इलाज हो सकता है. लेकिन उन्हें दवाई नहीं मिल रही.जीएआरडीपी के डायरेक्टर और स्टडी के वरिष्ठ लेखक जेनिफ़र कोन का कहना है, ÷एंटीबायोटिक दवाओं के ज़रूरत से ज़्यादा इस्तेमाल की बात भले ही सालों से चर्चा में रही हो, लेकिन ऐसा नहीं है. निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ऐसे हज़ारों मरीज हैं जो गंभीर संक्रमण से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्हें इलाज के लिए एंटीबायोटिक दवाएं मिल ही नहीं पा रही हैं.÷

स्टडी में उन आठ इंट्रावेनस दवाइयों की जांच की गई जो कि कार्बापेनम-प्रतिरोधी बैक्टीरिया के ख़िलाफ़ काम आती हैं. इनमें इनमें पुरानी एंटीबायोटिक्स जैसे कॉलिस्टिन से लेकर नई दवाएं जैसे सेफ्टाजिडाइम-एविबैकटैम शामिल हैं. फिलहाल मौजूदा समय में उपलब्ध दवाइयों में टाइगेसाइक्लिन सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली दवा रही.

रिसर्चर इसके पीछे की वजह कमजोर स्वास्थ्य प्रणालियों और एंटीबायोटिक तक पहुंच नहीं होने को बताते हैं.ड्ड स्टडी में सामने आया है कि आठ देशों में टाइगेसाइक्लिन के केवल 103,647 पूरे इलाज के कोर्स ही खरीदे गए. हालांकि इसकी ज़रूरत 15 लाख मरीजों को थी.

इसकी वजह डॉक्टरों ने सही स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच और दवाओं तक लोगों की पहुंच नहीं होना बताया. इसके अलावा एंटीबायोटिक की कीमत इतनी अधिक है कि कई ग़रीब मरीज इसे नहीं खरीद पाते. डॉ. गफूर कहते हैं कि जो एंटीबायोटिक खरीद सकते हैं, वो इसका ज़रूरत से अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं. जो खरीद नहीं सकते, उन्हें एंटीबायोटिक नहीं मिल रही. हमें ऐसा सिस्टम चाहिए, जिसमें गरीब लोगों की पहुंच एंटीबायोटिक तक हो और इसका ज़रूरत से अधिक इस्तेमाल रोका जाए.

डॉ. गफूर का कहना है, ÷अस्पतालों में हर एंटीबायोटिक के पर्चे पर एक अतिरिक्त मंजूरी की ज़रूरत होनी चाहिए. ये किसी इंफेक्शन विशेषज्ञ या माइक्रोबायोलॉजिस्ट द्वारा देनी चाहिए. कुछ अस्पताल ऐसा करते हैं, लेकिन अधिकतर नहीं करते. सही व्यवस्था होगी तो नियामक संस्थाएं इसे एक मानक प्रक्रिया बना सकती हैं.÷

रिर्सचर्स का कहना है कि एंटीबायोटिक तक सभी की पहुंच और इसका दुरुपयोग रोकने के लिए नीति और कड़े नियमों की आवश्यकता है. लेकिन दवाओं तक सभी की पहुंच ही इसका समाधान नहीं है. समस्या ये है कि नई एंटीबायोटिक दवाओं का विकास थम गया है. यह एक वैश्विक मुद्दा बन चुका है.

दुनिया में एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर) के सबसे बड़े बोझ उठाने वाले देशों में भारत शामिल है. हालांकि, शोधकर्ताओं का मानना है कि यही भारत के इस ख़तरे से लड़ने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है. देश में भी और दुनिया में भी. कोन ने कहा कि भारत नई एंटीबायोटिक के लिए दुनिया के सबसे बड़े बाज़ारों में से एक है. भारत इसके विकास को बढ़ावा देने के साथ ही इस तक सब लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने की वकालत कर सकता है.उन्होंने कहा कि मजबूत फार्मास्युटिकल बेस के साथ भारत एएमआर इनोवेशन का एक केंद्र बनकर उभरा है. जहां नई एंटीबायोटिक दवाओं से लेकर उन्नत डायग्नोस्टिक तकनीकों तक कई क्षेत्रों में प्रगति हो रही है.

डॉ. कोन का कहना है कि भारत अपनी एंटीबायोटिक रिस्पॉन्स को मजबूत बना सकता है यदि वह स्थानीय स्तर पर डेटा जुटाए ताकि दवाओं की ज़रूरतों का बेहतर अनुमान लगाया जा सके और इलाज प्रणाली में मौजूद खामियों की स्पष्ट पहचान की जा सके.यह सही दवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए काम आएगा. नए और प्रभावी मॉडल पहले से ही सामने आ रहे हैं. उदाहरण के तौर पर, केरल में ÷हब-एंड-स्पोक÷ अप्रोच का इस्तेमाल किया जा रहा है. इससे निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों को गंभीर संक्रमणों के प्रबंधन में सहायता मिलती है.

रिसर्चर का कहना है कि अस्पतालों और राज्यों के बीच समन्वय या खरीद से नई एंटीबायोटिक दवाओं की लागत कम की जा सकती है. जैसा कि कैंसर दवा कार्यक्रमों में देखा गया है.यह कदम दवाओं की पहुंच और सस्ती उपलब्धता को सुनिश्चित करने में मददगार साबित हो सकती है.

सही एंटीबायोटिक तक पहुंच नहीं होने पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. डॉक्टरों को सुरक्षित रूप से सर्जरी करने, कैंसर मरीजों में जटिलताओं का इलाज करने या रोज़मर्रा के संक्रमण मैनेज करने में मुश्किलें आ सकती हैं.डॉ. गफूर कहते हैं, ÷एक संक्रामक रोग विशेषज्ञ के रूप में, मैं उचित इस्तेमाल को दवाओं तक पहुँच का केवल एक हिस्सा मानता हूं. जब हमें नई एंटीबायोटिक मिलती हैं तो उन्हें बचाकर रखना ज़रूरी होता है. एक तरफ दवाओं को सुरक्षित रखना और दूसरी तरफ उन्हें सही मरीजों के लिए सुरक्षित रखना.÷साफ है कि चुनौती केवल एंटीबायोटिक्स का सही इस्तेमाल करना ही नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि ये दवाएं उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इनकी सबसे ज़्यादा जरूरत है.

## विचार सरिता

# सवाल जवाब : मनुष्य के लिए सभी नई तकनीकी चीजों को जानना आवश्यक नहीं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञान चर्चा में एक अलग तरह का सवाल आया। एक जिज्ञासु ने आचार्य सत्यव्रत से संवाद प्रारंभ किया।

प्रश्नकर्त्ता : आज की दुनिया इतनी भागदौड़ भरी क्यों है? मनुष्य विकास की इस दौड़ में स्वयं को समायोजित क्यों नहीं कर पाता है? वह स्वयं को अटपटी स्थिति में क्यों पाता है?

आचार्य सत्यव्रतः मनुष्य द्वारा सुख-सुविधा के साधन जुटाने की इच्छा और उसकी अतृप्त कामनाओं ने ही इस दुनिया को भाग-दौड़ भरी और जेट रॉकेट सी भागती बना दिया है। समस्या यह है कि आधुनिक चीजें नई - नई तकनीकों और नये अवतारों के साथ प्रकट हो रही हैं। अब हर मनुष्य समान रूप से तकनीकी सुगमता की स्थिति में नहीं रहता है। इसीलिए जब कभी उसे किसी अस्पताल में लिफ्ट के फ्लोर के चयन के समय असुविधा का सामना करना होता है, तो कभी किसी महानगर के चौराहे पर वह रेड और ग्रीन सिग्नल के फेर में सड़क पार करने से घबरा उठता है। ऐसी नई चीजें अगर न्यूनतम सुविधा और आवश्यकता आधारित हैं, तब तो मानव के लिए स्वीकार्य हैं। अगर यह दिखावे और अति सुविधा संग्रह के कारण है, तो इन चीजों को उसे जानना - समझना आवश्यक नहीं है।

प्रश्नकर्त्ता : तो क्या यह उसका पिछड़ापन नहीं है?

आचार्य सत्यव्रतः मनुष्य को सब कुछ आना चाहिए, यह आवश्यक नहीं है। अगर धुर-तकनीकी चीजों के इस्तेमाल में वह सुविधाजनक नहीं है, तो यह उसका पिछड़ापन नहीं है। ऐसी स्थिति में उसे स्वयं को अटपटा या मिसफिट नहीं मानना चाहिए।

प्रश्नकर्त्ता : तो जो लोग नई तकनीक से युक्त इन चीजों का प्रयोग कर रहे हैं, वे गलत कर रहे हैं?

आचार्य सत्यव्रत : ऐसा नहीं है, पर ऐसा करने से वे ही सही मायने में आधुनिक और प्रगतिवादी हैं, ऐसा मान लेना सही नहीं है। उनके पास इन चीजों का ज्ञान है, पर वे इसे नहीं जानने वालों से श्रेष्ठ हैं, ऐसा कहना अनुचित है।

प्रश्नकर्ताः इन स्थितियों का समाधान क्या है?

आचार्य सत्यव्रत : सुख-सुविधाओं के साधनों और तकनीक का मानव की यथार्थ आवश्यकताओं के अनुरूप उपयोग लेकिन विवेक के साथ। प्रगति का पैमाना भोगवाद के बदले एक स्वस्थ, सहज, संतुलित मानव और व्यक्ति संकेंद्रण के बदले सर्वजन हिताय हो।

## सामयिक चर्चा

### एक की सफलता दूसरे की कुटिलता

खबर पढ़कर, क्षुब्ध होकर
बानी बोले - ''आपरेशन सिन्दूर को लेकर,
देखो तो गजाधर।
इन दिनों हमारे देश में
कैसा तमाशा हो रहा है।
कोई कुछ भी बोले जा रहा है?
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान
जो पहले कामेडियन रहे हैं,
उसी कामेडियनी जोश में आकर
बेमतलब बोली बोल रहे हैं।
उन्होंने एक प्रेस कान्फ्रेन्स में कहा -
''भाजपा घर-घर सिन्दूर बॉटेगी
तो क्या आप मोदी के नाम से
सिन्दूर लगाएंगे?
क्या यह एक राष्ट्र
एक पति योजना है?''
इस पर भाजपा भड़की
सचमुच गजाधर! मोदी जी को लेकर
ऐसी कटाक्षी बोली, क्यों बोलना है?
आप क्या कहते हैं गजाधर?''
गजाधर बोले गंभीर होकर -
''बानी! यह मनोवैज्ञानिक सत्य है
कि एक की सफलता,
दूसरे के दिल में
भर देती है कुटिलता।
फिर वह कुटिल बोली बोल कर
सोचता है कि वह
बाजी मार रहा है।
पर वह अहंकारी नहीं जानता
कि वह अपने पैरों में
खुद कुल्हाड़ी मार रहा है।''



गिरीश बख्शी

# पर्यावरण परिवर्तन एवं संरक्षण

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

पर्यावरण वास्तव में भौतिक संतुलन है,
इसमें मानव जीव जन्तु का वातावरण होता है,
अकाल, बाढ़, खिसकती चट्टानें, अनियंत्रित वर्षा, युद्ध
ये हैं पर्यावरण के प्रदुषण का रूप, इससे कई दोष उत्पन्न,
आधुनिक परिवेश प्राकृतिक वातावरण के प्रतिकुल है।
भारत में स्वार्थवश लोगों ने बड़ वर्गो के वनों को उजाड़ दिया,
प्रकृति ने पर्यावरण का निर्माण अजैव एवं जैव घटकों से किया है,
ये अपने क्रिया कलापों, परिवेश की व्यवस्था अर्थात्
पारिस्थितिकी का नियमन करते हैं, संतुलन स्थापित करते हैं।
पर्यावरण के ह्रास से, घटने लगती है जीवन की गुणवत्ता,
विकास की सारी प्रक्रिया, घूमने लगती है उल्टी दिशा में,
पारिस्थितिकी (इको सिस्टम) के असंतुलन से
वायु, जल, मृदा के गुण
हो जाते हैं नष्ट, भूमिक्षरण और बाढ़ का प्रकोप बढ़ जाता है,
संसाधन दोहन, अत्यधिक ऊर्जा प्रयोग, औद्योगीकरण, शहरीकरण
सौरमंडलीय क्रिया-कलाप, प्रकृति के
प्रति बढ़ती उपेक्षा ने किया है पर्यावरण परिवर्तन,
जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक
संसाधनों, वन, कोयला, पेट्रोलियम में कमी ला दिया है।।
प्रदुषण के कारण पारिस्थिति की असंतुलन,
वाहनों के चालन से वायुमंडल में गैसें प्रदूषित हो गई है,
जनाधिक्य के कारण आवास एवं भूमि की उपलब्धता
में आई है कमी,
वनों की कटाई से वर्षा का जल ऊपजाऊ मिट्टी को
बहा ले जाता है
वन नहीं तो वर्षा नहीं संसाधनों में कमी, वन्य जीव मैदान की ओर,
पर्यटन स्थल बनाने हेतु विभिन्न वनों का किया गया विनाश
हुआ पर्यावरण परिवर्तन, बाँधों के निम्रण से वनों की अंधाधुंध कटाई,
बाँध निर्माण से बस्तियों का हुआ विस्थापन, आर्थिक स्थिति हुई
खराब, बाह्य युद्ध के कारण शत्रु रासायनिक और
जैविक अस्त्रों का करता है प्रयोग
इससे होता है वायुमंडल प्रदूषित,
उदाहरण है पहलगाम में आतंकी हमला छब्बीस निर्दोष जानें गई,
दुश्मन ने गोला-बारूद और कई जहरीले गैस घोड़े
वहाँ के निवासियों को प्रदूषण एवं आतंक से गाँव छोड़ना पड़ा
आइये हम करें पारिस्थितिकी तंत्र जैव,
अजैव घटक में करे संतुलन
एक वृक्ष लगाएँ माँ के नाम, छत्तीसगढ़ी
महतारी के नाम,
भारत माता के नाम,
पंडित नेहरू के शब्दों में-
उगता हुआ वृक्ष, उभरते हुए
राष्ट का प्रतीक है।



देवेन्द्र महोबे, खैरागढ़

## कविता


### हमर बासी म हे दम

परोसी देश कहिथे, हम ककरो ले नई हन कम।
बहुत ताकतवर हन, अऊ राखथन परमाणु बंम।
दाई बहिनी के मांग उजडईया, अरे सुन रे पाक आतंकी,
हम हां कतको तोला मारबो
तहु हावय कम।।
हमर बासी म हे दम.....
तोला हम भाई जानेन, सोग मरेन अऊ करेन रहम।
पर तंय मानेस, न समझेस, निकलेस बड़ बेसरम।
टोर देबोन तोर सबो अकड़ अऊ अहम।
देख लेबोन तोर रग के लहु ह, कतिक हवे गरम।
अब नई सहन तोर, नापाकी इरादा ल,
परमाणु बम रखे लेकुछ नई होय,
चलाय के होना चही दम-खम।
हमर बासी में.....
तय एक मारबे, त एक्काईस मारबो।
गोली के बदला गोला से लेबोन।
तय काहचौ लुकाबे जा के,
पाताल ले खोज निकाल लें बोन,
हम तोर ले नई हावन एक्को कम।।
हमर बासी म हे दम।।




आनंद राम सार्वा
कु.बो.भाठागांव (राज.)

## राशिफल




**मेष**

मेष राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज परिवार के साथ समय बितायेंगें इससे घर में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपकी कड़ी मेहनत से आसपास के लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। आज रोज की अपेक्षा व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।



**वृष राशि**

आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप जीवनसाथी से अपने दिल की बात शेयर करेंगे इससे रिश्ते में मधुरता बनेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। व्यापार के मामलों में आपके पार्टनर से अनबन हो सकती है, बेहतर होगा संयमित रहें और सोच समझकर फैसला करेंगे। किसी बुजुर्ग की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझें। आज आप हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है।




**कर्क**

आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज आपको रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। बिजनेस में आपको फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करेंगे।



**सिंह**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभायेंगे। आप जिस काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको कामयाबी मिलेगी। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा इससे आपका हौसला बढेगा। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देगें।




**कन्या**

आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपके सामने चुनौतियां भी आएंगी आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे सफलता हासिल होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा सामान्य रहेगा। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है लेकिन सही पॉइन्ट का चुनाव करना बेहतर रहेगा। माता पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों से राहत मिल जाएगी।



**तुला**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो कोई बिजनेस करने की सोच रही है , उनके लिए आज का दिन अच्छा है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालने से आपका मन शांत रहेगा। लवमेट को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी।




**वृश्चिक**

आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में उतार-चढ़ाव से आप परेशान हो सकते हैं लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बितेगा। माता पिता बच्चों को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते हैं।




**धनु**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी कर रहे लोगो को आज पदोन्नती के अवसर मिलेंगे। ऑफिस में अच्छे परफोर्मेस के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आयेंगे साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए खुशी मिलेगी। आप दोस्ती का हाथ बढ़ा सकते हैं।



**मकर**

आपका दिन आज ठीक - ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है आप दिन का अधिक समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी कम्पनी से मेल आ सकती है। दाम्पत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।



**कुंभ**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक से कोई बड़ा फायदा हो सकता है।



**मीन**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक से कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

# शहर में दिनभर चला बुलडोजर एक्शन

डोंगरगांव (दावा)। नगर के अंदर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने पहल करते हुए अतिक्रमण और दुकानदारों द्वारा तय सीमा से अधिक चबूतरा को हटाने का कार्य बुधवार से प्रारंभ कर दिया है। इसके प्रथम चरण में पुराने बस स्टैण्ड एवं पुराना बाजार एरिया का कुछ भाग में बुलडोजर चलाया गया है। इस पूरी कार्यवाही के दौरान दुकानदारों और आमजनों की मिलीजुली प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। पुराना बस स्टैण्ड में कार्यवाही के प्रारंभ होते ही प्रशासनिक अमले को आमजनों के विरोध का सामना करना पड़ा और मैदान पहुंच मार्ग में विवादित नवनिर्मित दुकान को भी हटाने की मांग उठाते रहे।

नगर के भीतरी सीमा में यातायात सुधार के लिए प्रशासनिक अमला और व्यापारियों की बैठक के बाद सहमति बनी और आगे की कार्यवाही तय की गई। इसी क्रम में बुधवार को प्रशासन के अतिक्रमण तोड़ू दस्ते की कार्यवाही के दौरान दुकानदारों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके द्वारा सुरक्षित तरीके से टीनशेड को हटा लिया जायेगा। बावजूद इसके प्रशासनिक अमले ने जेसीबी के माध्यम से तोडफोड़ की कार्यवाही यह कहते हुए प्रारंभ कर दी गई कि इसके पूर्व नोटिस के माध्यम से सूचना दी जा चुकी है और अब तक अतिक्रमण हटा लेना चाहिए था। इधर कार्यवाही के दौरान कुछ व्यापारियों और आमजनों के साथ तहसीलदार, सीएमओ व थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अमले के साथ वादविवाद की स्थिति बनी रही और कहा गया कि पहले बाजार के अंदर हुए अतिक्रमण को खाली कराया जाए। उसके बाद पुराने बस स्टैण्ड में कार्यवाही की जाए। जिसके बाद पूरा अमला बाजार एरिया में टूट पड़ा और यहां लगे सभी टीन, टप्पर, बांस, बल्ली, बोर्ड आदि को हटाया गया और कुछ स्थलों पर सामानों की जब्ती भी की गई। शाम होते होते प्रशासन का तोड़ू अमला पुराना बस स्टैण्ड पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही फिर से प्रारंभ की गई। इस दौरान नगर पंचायत द्वारा बनाए गए काम्प्लेक्स की सीढ़ी को भी तोड़ दिया गया। जिसे लेकर एक बार फिर माहौल गर्म हो गया और जमकर वाद-विवाद हुआ। इस दौरान पुराना बस स्टैण्ड में मेडिकल के बगल में नवनिर्मित दुकान पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा, जो कि वर्तमान बाजार पहुंच मार्ग को बाधित करता है। इसे तोड़ने की मांग यहां उपस्थित अधिकारियों से करने लगे। जिस पर अधिकारियों ने इस दुकान का पट्टा होने की बात कहते हुए लगातार टालते रहे।



मार्ग में अतिक्रमित नवनिर्मित दुकान को हटाने की उठती रही मांग

> व्यापारियों की बैठक उपरांत शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए यह कार्यवाही की जा रही है, जो कि चरणबद्ध तरीके से लगातार जारी रहेगा। पुराना बस स्टैण्ड में अतिक्रमण मुक्त कराने के पूर्व दुकानदारों को नोटिस दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसलिए दल-बल के साथ हटाया जा रहा है। मेडिकल के बगल में पक्के निर्माण का मामला राजस्व से संबंधित है। पट्टे की जांच राजस्व विभाग द्वारा की जायेगी। उसके उपरांत कार्यवाही की जा सकेगी।
>
> **विनम्र जेमा,**
> **सीएमओ नगर पंचायत डोंगरगांव**

# छुरिया में राजगामी की जमीन पर सालों से अवैध कब्जा, प्रशासन ने चलाया बुल्डोजर

छुरिया (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र में राजगामी संपदा की भूमि पर पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जा जमाए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण ढहा दिया गया। 26 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छुरिया में राजगामी संपदा की बड़ी भूमि है। बताया जाता है कि यहां कई लोगों ने बाड़ी बनाकर कब्जा किया। इसके बाद अतिक्रमण का दायरा धीरे-धीरे बढ़ाते चले गए और पक्के मकान तक का निर्माण कर लिया गया। राजगामी की इस भूमि पर हुए अवैध कब्जे की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई। आखिरकार राजगामी संपदा ने नगर पंचायत क्षेत्र छुरिया में स्थित राजगामी की भूमि का सर्वे कराया। यहां खसरा नंबर 442 का टूकड़ा 3880 वर्ग फीट पर बाड़ी बनाकर कब्जा किए जाने की शिकायत सही पायी गई।



26 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

### नोटिस जारी कर अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह का दिया गया था समय

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजगामी संपदा की भूमि का सर्वे कराने से 26 लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बाड़ी व मकान निर्माण किए जाने की शिकायत पायी गई। इसके पश्चात छुरिया तहसील कार्यालय से सभी 26 अतिक्रमणकारियों को गत 25 मई को नोटिस जारी किया गया, जिसमें उन्हें एक सप्ताह अर्थात 2 जून तक अवैध कब्जा हटाने के लिए समय सीमा दी गई। इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा हटाने में कोई रूचि नहीं दिखाई।

आखिरकार आज राजस्व व पुलिस प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाकर उसे ढहा दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय साहू, छुरिया थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भूआर्य, पटवारी श्री कोमा सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### रसूखदारों ने भी किया कब्जा, कार्रवाई नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में राजगामी संपदा की बड़ी भूमि पर कई रसूखदारों ने भी अवैध कब्जा कर पक्के मकानों का निर्माण कर लिया है। इसकी भी शिकायत राजगामी संपदा के स्थानीय अधिकारियों से कई बार की गई लेकिन राजगामी संपदा के अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वाले रसूखदारों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

### राजगामी संपदा से हटाया गया अवैध कब्जा-अभिषेक तिवारी

डिप्टी कलेक्टर व राजगामी संपदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि छुरिया नगर पंचायत सीमा में राजगामी की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। आज 26 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाए गए। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पहला कॉलम...

### बघेरा के कच्ची रोड़ में 5 वर्षों में मुरमीकरण नहीं, पूर्व सरपंच पर लग रहे आरोप

टेड़ेसरा (दावा)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघेरा में पूर्व सरपंच के द्वारा बांध को बेरहमी से खुदाई कर धड़ल्ले से मुरम की खुदाई कर पैसा कमाने के चक्कर में बेच दिया गया, लेकिन पूर्व सरपंच के द्वारा गांव के ही कच्ची सड़क पर मुरमीकरण नहीं कराया गया। जिसका खामियाजा पूरे ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि खनिज विभाग से खुदाई करने के नाम से किसी भी प्रकार का कोई परमिशन भी नहीं दिया गया। उसके बाद भी धड़ल्ले से पूर्व सरपंच के द्वारा बांध का मुरम को खुदाई कर डाली। जिसमें खनिज विभाग के द्वारा आज तक किसी भी प्रकार की ना तो जांच हुई और ना ही कार्यवाही किया गया। कच्ची सड़क पर मुरम नहीं बिछाई गई। जिससे बारिश के समय ग्रामीणों को तकलीफों का सामना करना पड़ेगा।



### टेड़ेसरा में 9-10 जून को सतगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव

टेड़ेसरा (दावा)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सदगुरु कबीर साहेब एवं पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब की दया से श्री सद्गुरु कबीर साहेब कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन श्री सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा आश्रम टेड़ेसरा में महंत मेला दास साहेब एवं जामवंती माई के सानिध्य में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस गुरु महिमा पाठ, भजन, सत्संग कीर्तन संत मंडली के द्वारा किया जाएगा तथा शाम 5 बजे संध्या पाठ, आरती किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय दिवस 10 जून को गुरु महिमा पाठ, पूर्णिमा पाठ प्रवचन स्थानीय महंत द्वारा एवं शाम 3 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती आश्रम के महंत मेला दास साहेब के द्वारा संपन्न किया जाएगा। इस समापन के अवसर पर प्रसाद वितरण भोजन भंडारा भी किया जाएगा। जिसमें परी क्षेत्रीय के कबीर पंथी समाज एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील किया गया है।



### बेलटिकरी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दाई-बबा दिवस मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलटिकरी में दाई बाबा दिवस मनाया गया। जिसमें नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य, बुजुर्गों के सम्मान व उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों का सम्मान करना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है। इस कार्यक्रम में बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच के साथ मानसिक स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनका आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

# भोलापुर में जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे तालाब से गांव में बढ़ेगा भूमिगत जल स्त्रोत - संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम पंचायत भोलापुर में कलेक्टर राजनांदगांव, जिला सी.ई.ओ. राजनांदगांव जनपद पंचायत के सी.ई.ओ. होरीलाल साहू के मार्ग निर्देशन में छुरिया विकासखंड के भोलापुर में 9.62 रुपए की लागत से तालाब गहरीकरण कार्य कराया जा रहा है, जिसका निरीक्षण संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य ने मौके का निरीक्षण किया कार्यस्थल में 267 मजदूर कार्य कर रहे थे, उसके पश्चात श्री सिन्हा व मोटघरे ने 15 वे वित्त मद से नाली निर्माण और मंच निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त छुरिया विकासखंड के अनेकों गांवों में गिरते भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ावा देने के लिए जनपद पंचायत के जुड़े सभी विभागीय अमलों ने सतत प्रयास कर रहे है, कि वर्षा के जल को कैसे संरक्षित करे इस ओर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों सहित बिहान के दीदीयों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षित भी किया जा रहा है, इस महत्ती अभियान में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा उनके सभी सदस्यों ने लगातार जल संरक्षण के लिए हो रहे बोरी बंधान, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्यों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित किए हुए है। श्री सिन्हा ने लगातार सभी शासकीय मंचों में किसान भाइयों को रबी के सीजन में धान की फसल न लेने की भी अपील कर रहे है। इस अवसर पर सरपंच चमेली बाई नेताम, शीशपाल साहू, रुखम पांडे, पूर्व सरपंच प्रभु साहू सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या उपस्थित रहे।



# सिंघोला में बुजुर्गों को फूल-माला, श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। आज 4 जून दाई बबा दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोला में स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग राजनांदगांव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार द्वारा बुजुर्ग हमारा धरोहर कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें दाई बबा का उनके नाति-नतनिन द्वारा सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सभापति खुशबू राकेश साहू रहे एवं स्वास्थ्य केन्द्र के सीएचओ अमित पारधी, आरएचओ लीमेश साव, एएनएम श्रीमती एम दुबे, एमटी श्रीमती ममता यादव एवं समस्त मितानिन एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे। साथ ही जनपद सभापति खुशबू राकेश साहू ने उप स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं की जानकारी लिया। समस्त क्षेत्रवासियों को इलाज के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र जरूर आए। निःशुल्क इलाज कराने के लिए कहा यहां सभी सुविधाएं ठीक है।



# स्वच्छता अभियान के तहत ऐतिहासिक महावीर तालाब पहुंचा पालिका प्रशासन

डोंगरगढ़(दावा)। शहर की ऐतिहासिक धरोहर महावीर तालाब की सफाई व्यवस्था को संज्ञान में लेकर 4 जून को सुबह 7 बजे से सफाई के अभियान का शुभारंभ पालिका प्रशासन द्वारा किया गया। पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे सभापति अमित जैन, पार्षद हरीश मोटघरे, डी एकेश राव, राजेंद्र सेन, भूपेंद्र मरकाम, शारदा यादव, डॉ. रेखा राघोर्ते, बबीता मालागार, शिवांगी साखरे, अनीश निर्मलकर, पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा, उप अभियंता भुवन लाल कौशिक, स्वच्छता दीदी व स्वच्छता कमांडो के द्वारा तालाब की सफाई के कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे ने सभी पार्षदों व अधिकारियों की उपस्थिति में कहा कि जिस प्रकार से आप अपने घर आंगन की साफ सफाई और स्वच्छता रखते हैं इस तरह अपने वार्ड व शहर को भी स्वच्छ रखना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने स्वच्छ भारत सुंदर भारत का सपना देखा है इसे हमें सरकार करके दिखाना है उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ को स्वच्छ एवं सुंदर रखना है इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि हमें प्रतिदिन स्वच्छता की मिसाल को कायम रखने की जरूरत है। राज्य सरकार द्वारा 1 जून से 5 जून तक स्वच्छता पखवाड़े का आगाज किया गया है उसी के अंतर्गत पालिका ने 4 जून को इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





### गंदगी से सराबोर महावीर तालाब

महावीर तालाब गत कुछ वर्षों से गंदगी से सराबोर दिखलाई देता है। यहां का पानी पूर्णतः दूषित हो चुका है। हरे मटमैले व गंदे पानी के बीच नगर पालिका के कर्मचारी पानी में उतरकर कार्य कर रहे थे। किंतु गंदगी इतनी अधिक थी कि उसकी सडांध से लोग वहां खड़े नहीं हो पा रहे थे। कुछ नागरिकों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इतने वर्षों की गंदगी है इसे डोजियर मशीन बुलाकर सफाई कराई जानी चाहिए। तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए भी नागरिकों ने सुझाव रखें। तालाब के चारों ओर पसरी गंदगी से आसपास के लोगों का जीवन बदतर होता जा रहा है। जिसे लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है। गोल बाजार सहित आसपास के दुकानदार ऐतिहासिक महावीर तालाब को सर्वाधिक गंदा कर रहे हैं अपने दुकान का कचरा तालाब में फेंका जा रहा है। घरों से निकली धार्मिक गंदगी भी तालाब में ही विसर्जित की जा रही है। आज का युग ऐसा नहीं है कि हम गंदगी को समझ नहीं पा रहे। चाहे फूलों की गंदगी हो या घरों में विभिन्न वैवाहिक कार्ड या अन्य देवी देवताओं के चित्र इन्हें मिट्टी के अंदर गडाकर भी नष्ट किया जा सकता है किंतु लोग जीवनदाई तालाब को दूषित करने का कार्य कर रहे हैं और तालाब के दूषित पानी में धार्मिक कचरे को फेंककर अपने को पुण्य का भागी समझ रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

### सफाई अभियान निरंतर चलने पर ही परिणाम आएगा

नगर पालिका ने सफाई अभियान चलाया है किंतु जब तक आम लोगों को जागरूक करने की दिशा में कार्य नहीं किया जाएगा परिणाम नहीं आएगा। नगर के चौक चौराहों से लेकर गली मोहल्ले तक प्रतिदिन ट्रकों से गंदगी निकल रही है। जबकि कई वर्षों से डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने महिलाएं नगर के सभी वार्डों में निकल रही हैं। पॉलिथीन का जमावडा इतना अधिक हो चुका है कि उसके दूषित वातावरण से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। किंतु फिर भी नगर पालिका इस दिशा में कोई व्यापक पहल नहीं कर रही जबकि लोगों को जागरुक कर चौक चौराहों में सीसीटीवी लगाकर जबरन कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। इसी प्रकार दुकानों से निकलने वाले पॉलिथीन के कचरे पर भी सार्वजनिक स्थानों पर फेंके जाने पर नियंत्रण लगना जरूरी है। तब जाकर हम स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार कर सकेंगे।

> हम लगातार सफाई के लिए कृत संकल्पित हैं पालिका हर संभव प्रयास कर रही है कि नगर स्वच्छ रहे इसमें नागरिकों की जिम्मेदारी व भागीदारी ही नगर को स्वच्छ बनाने में आवश्यक है.
>
> **चंद्रकांत शर्मा**
> **मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़**

# बार-बार गुल हो रही बिजली से लोग हलाकान, उमस भरी जिंदगी से जीना हुआ मुहाल

### 24 घंटे में 15 से 20 बार गुल होती है बिजली

### यह डबल इंजन है कि डबल टेंशन की सरकार स्पष्ट करें - भिगेश यादव

गंडई पंडरिया (दावा)। भीषण गर्मी और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों को जीना मुश्किल कर दिया है। अब अघोषित रूप से दिन और रात दोनों समय बिजली कटौती होने से उमस भरी गर्मी से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, खासकर स्थानीय गंडई शहरी क्षेत्र में और बिजली गुल हो रही है तो ग्रामीण क्षेत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। याने बिजली गुल से ग्रामीण क्षेत्र भी इसमें अछूता नहीं है। बार-बार बिजली गुल होने से उपभोक्ता हलाकान है, अधिकारी मरम्मत का बहाना कर देते हैं। 24 घंटे में कम से कम 10 से 15 बार बिजली ट्रिप करती है। बिजली जाते ही पंखे हवा देना बंद कर देते हैं। जब तक बिजली आती, लोग पसीने से टर-बतर हो जाते हैं। भीषण उमस गर्मी और नौतपा और ऊपर से बिजली की आंख मचौली से लोग मार झेल रही है। एक तरफ उमस भरी गर्मी तो दूसरी ओर लाइट का गुल होना, पसीने की बेहाल कर दे रही है। आलम यह है कि झुलसा देने वाली गर्मी में गली-गली में लोग परेशान हैं, लेकिन विद्युत तंत्र की कथित नाकामी स्थिति को और गंभीर बना रही है। जनता त्रस्त अधिकारी मस्त है। यह जुमला विद्युत विभाग के अधिकारियों पर सटीक बैठता है। लोगों को 24 घंटे सप्लाई दिए जाने का वादा किया जाता है, लेकिन उसमें भी आधा समय तो फाल्ट ठीक करने में चली जाती है। कारण शाम 5 के बाद सुबह 11 से पहले अधिकारी ऑफिस में नहीं मिलेंगे।

### लोड बढ़ा रहा मुश्किल

विद्युत महकमे के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है। ओवरलोड के चलते कई जगहों पर फ्यूज उड़ जाते हैं तो कहीं लाइन में फाल्ट आ जाता है।

घरों में एसी, कूलर और मोटरों, का धड़ल्ले से उपयोग बढ़ जाता है। इससे लोड क्षमता से अधिक हो जाता है और बार-बार ड्रिप से सप्लाई अपंग हो रही है।




### ट्रिपिंग से बढ़ रही परेशानी

उमस भरी गर्मी की तीव्रता के कारण बिजली की मांग अधिक हो गई है। इस कारण बिजली घर का सिस्टम ओवरलोड हो जाता है। इससे क्षेत्र में बिजली सप्लाई में बार-बार फाल्ट, ट्रांसफार्मर जलना, फ्यूज उड़ना और ट्रिपिंग जैसी समस्याएं भी आ रही है। जब लोग विद्युत महकमे में शिकायत करते हैं और वहां से जवाब मिलता है कि फॉल्ट है, टीम भेजी जा रही है, तो सुनकर दिमाक की बत्ती जल जाती है।

### कर्मचारी का अभाव, ठेका श्रमिक से कराया जा रहा है रिस्की काम

ठेका श्रमिक को बिना नियम सुरक्षा के खंभों पर चढ़ा रहे हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि विगत माह पहले वितरण कंपनी के एमडी ने प्रदेश के सभी विद्युत सब स्टेशन को स्पष्ट निर्देश जारी किया गया था। जिसमें ठेका श्रमिक को बिजली खंभों पर नहीं चढ़ाया जाना है। जिसका काम है वहीं लाइनमैन ही करेंगे। ठेका श्रमिक, आउट सोर्सिंग कर्मचारी अप्रशिक्षित होते हैं, खंभों पर चढ़कर बिजली के तारों को मरम्मत, रख-रखाव और सिस्टम स्थापित करने का जिम्मा लाइनमैन का होता है। इसी काम के लिए उन्हें लगभग 1 लाख तक वेतन मिलता है। ठेका कर्मचारियों को विभाग मौत के मुंह में धकेला जा रहा है। बताया जाता है कि गंडई उप संभाग के अंतर्गत 4 वितरण केंद्र हैं। जिसमें गंडई, धोधा, पैलीमेटा और साल्हेवारा वितरण केंद्र शामिल है। गंडई स्थानीय में लगभग 8000 हजार के आसपास उपभोक्ता है। जिसमे 2000 घरेलू और 6000 हजार कामर्शियल के शामिल है। गंडई उप संभाग में एक नियमित कर्मचारी सहायक ग्रेड-3 सुभाष कुमार पदस्थ है और एक लाइनमैन लखनलाल साहू पदस्थ है। बाकी ऑफिस वर्क और फील्ड कार्य ठेका कर्मचारी, संविदा कर्मचारी के बदौलत चल रही है। गंडई उपसंभाग में 28 गांव शामिल है। बाकी तीन विद्युत केंद्र में न जेई है, न बाबू है, न ही लाईनमैन है। यहां भी ठेका श्रमिक से कार्य कराया जा रहा है।

*ब्लॉक अध्यक्ष गंडई भिगेश यादव का कहना है कि दिन में बिजली के आने-जाने का कोई टाइमिंग नहीं होता है। बार बार लाइट बंद होने के चलते इन्वाइटर भी चार्ज नहीं हो पाता है। हमारे भूपेश बघेल के राज में बिजली बिल योजना हाफ था, लेकिन भाजपा के शासन में बिजली बिल पूरा और ठीक से बिजली आपूर्ति उपभोक्ताओं को नहीं कर पा रही है। अधिकारी शासन के इशारे पर काम कर रही है। उपभोक्ताओं को सुविधा देने के बजाय नजर अंदाज किया जा रहा है।*

*किरण जांगड़े सहायक अभियंता उपसंभाग गंडई का कहना है कि कुछ-कुछ जगह दिक्कत हो जाती है। अधिकतर लोड जिसमें जंपर, डिओ कट आउट हो जाता है। अधिक लोड हो जाने की वजह से यह स्थिति निर्मित होती है। हमारे पास स्थाई कर्मचारी नहीं है। संविदा और ठेका श्रमिक को ज्यादा रिस्क काम नहीं करा सकते है। स्टाफ की समस्या बनी हुई है। शुल्क जेनरेट में पारदर्शिता के लिए उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप डाउनलोड करके टैरिफ लिस्ट आसानी से देखा जा सकता है। उसमें पूरी स्पष्ट हो जाएगी। बाकी सप्लाई तो नगर में बराबर होती है। समय समय पर दिक्कत होती है।*

# पहला कॉलम...

## अदाणी पोर्ट्स ने मई में कार्गो हैंडलिंग का नया रिकॉर्ड बनाया



अहमदाबाद। मई का महीना देश के लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए ऐतिहासिक रहा है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने वैश्विक मानकों पर देश की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए 4.18 करोड़ टन कार्गो हैंडलिंग का नया बेंचमार्क स्थापित किया, जो कंपनी के लिए सर्वकालिक रिकॉर्ड है।

पिछले साल की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि केवल एक आंकड़ा नहीं है ङ्क यह देश में तेजी से विकसित हो रहे आर्थिक ढांचे और बुनियादी ढांचे के विकास की मजबूत नींव का प्रमाण है। अदाणी पोर्ट्स के शानदार प्रदर्शन के मुख्य चालक कंटेनर ट्रैफिक (साल-दर-साल आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि) और ड्राई कार्गो (साल-दर-साल 17 प्रतिशत की वृद्धि) थे। वैश्विक बंदरगाह कंपनियां जब मंदी और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से जूझ रही हैं, एपीएसईजेड ने न केवल स्थिरता बनाए रखी है, बल्कि तेजी से विस्तार भी किया है।कंपनी ने इस साल मई तक कुल 7.93 करोड़ टन कार्गो हैंडलिंग की है, जो साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कंटेनर हैंडलिंग में 21 प्रतिशत की वृद्धि एपीएसईजेड की परिचालन दक्षता और तकनीकी उन्नयन को उजागर करती है। मई में अदाणी लॉजिस्टिक्स ने 0.6 लाख टीईयू रेल वॉल्यूम (साल-दर-साल 13 प्रतिशत की वृद्धि) और 20.1 लाख टन जीपीडब्ल्यूआईएस (जेनरल पर्पस वैगन इंवेस्टमेंट स्कीम) वॉल्यूम (साल-दर-साल चार प्रतिशत की वृद्धि) दर्ज किया।

## भारत से भिड़ने से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ी गस एटकिंसन हुए चोटिल



नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भारत के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से बाहर हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है, जिससे उनका पहले मैच में खेलना मुश्किल है। यह चोट पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान लगी थी।

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड ने फिलहाल टीम घोषित नहीं की है। एटकिंसन को लेकर कहा गया है, च्गस एटकिंसन का इस महीने के आखिर में भारत के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके दाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है।ज् एटकिंसन ने अब तक 12 टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने अपने देश के लिए 55 विकेट हासिल किए हैं। 6 जून से भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट शुरू होगा और यह देखना दिलचस्प होगा कि इंग्लिश टीम किस तेज गेंदबाज के साथ उतरती है। भारत के खिलाफ सीरीज के लिए कप्तान बेन स्टोक्स ने वापसी की है। इसी के साथ उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ लंबे अंतराल के बाद गेंदबाजी भी शुरू कर दी है। जोफ्रा आर्चर आईपीएल में खेले हैं, लेकिन उनकी फिटनेस के लेवल पर कोई निश्चितता नहीं है। इसके अलावा क्रिस वोक्स इंजरी के बाद वापसी कर रहे हैं। जहां तक ??मार्क वुड का सवाल है, तो मार्च में घुटने की सर्जरी के बाद वे शायद सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में न हों। अन्य तेज गेंदबाज ओली स्टोन के साथ भी ऐसा ही है।

## शेयर बाजार : गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार आज बुधवार का बढ़त के साथ बंद हुआ है। लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों को 2 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स 0.32 फीसदी या 260 अंक की बढ़त लेकर 80,998 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान पर और 11 शेयर लाल निशान पर थे। उधर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 0.32 फीसदी या 77 अंक की बढ़त लेकर 24,620 पर बंद हुआ। एनएसई पर ट्रेडेड 2978 शेयरों में से आज 1650 शेयर हरे निशान पर, 1236 शेयर लाल निशान पर और 92 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक के शेयरों की बात करें, तो सबसे अधिक तेजी जोमैटो, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, रिलायंस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, इन्फोसिस, मारुति, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, नेस्ले इंडिया, बजाज फाइनेंस, अडानी पोर्ट्स, कोटक बैंक और आईटीसी में देखने को मिली। वहीं, एक्सिस बैंक, टीसीएस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, एचसीएल टेक, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा, एशियन पेंट और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में गिरावट दर्ज हुई।

# प्राइज सेरेमनी में छाई गुजरात की टीम सबसे ज्यादा अवॉर्ड पर किया कब्जा




अहमदाबाद। आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने अपने नाम किया। फाइनल में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को छह रन से हरा दिया। आईपीएल फाइनल के बाद अवॉर्ड समारोह में पैसों की बारिश हुई। विजेता टीम आरसीबी को 20 करोड़ रुपये मिले, जबकि उपविजेता पंजाब की टीम को 12.5 करोड़ रुपये मिले। भले ही आरसीबी की टीम चैंपियन बनी हो, लेकिन अवॉर्ड सेरेमनी में गुजरात की टीम का दबदबा रहा।

व्यक्तिगत अवॉर्ड और टीम अवॉर्ड को मिलाकर कुल 20 सम्मान बांटे गए। इसमें से छह सम्मान गुजरात की टीम के खाते में आए। गुजरात की टीम का सीजन के सर्वश्रेष्ठ अवॉर्ड्स पर दबदबा रहा। सीजन के सर्वश्रेष्ठ के 10 अवॉर्ड दिए गए और इसमें से छह गुजरात के खिलाड़ियों ने जीते। आरसीबी की टीम को व्यक्तिगत अवॉर्ड और टीम अवॉर्ड मिलाकर सिर्फ चार अवॉर्ड मिले।

आईपीएल अवॉर्ड समारोह में गुजरात के साई सुदर्शन छा गए। उन्हें सबसे ज्यादा चार अवॉर्ड्स मिले। सुदर्शन इस सीजन के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 15 मैचों में 54.21 की औसत और 156.17 के स्ट्राइक रेट से 759 रन बनाए। हालांकि, गुजरात की टीम एलिमिनेटर से बाहर हो गई। वहीं, एलिमिनेटर में गुजरात को हराने वाली मुंबई इंडियंस टीम के सूर्यकुमार यादव प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। सूर्यकुमार दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

उन्होंने 16 मैचों में 65.18 की औसत से और 167.92 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। ऋुणाल पांड्या और शशांक को फाइनल मैच के लिए दो-दो अवॉर्ड मिले।

हर बार की तरह इस बार भी खिताब की विजेता टीम पर नोटों की बारिश हुई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 20 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर दिए। वहीं, उपविजेता पंजाब किंग्स को 12.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिली। पंजाब और आरसीबी के कोच और सपोर्ट स्टाफ को आईपीएल लिमिटेड एडिशन वॉच भी मिले।

## घटिया प्रदर्शन के बाद जेक फ्रेजर-मैकगर्क को इंटरनेशनल टीम से किया बाहर



नई दिल्ली। आईपीएल का समापन हो गया है। करीब 18 साल के इंतजार के बाद आखिरकार आरसीबी ने खिताब पर कब्जा कर लिया है। हालांकि पंजाब किंग्स का पहली बार ट्रॉफी जीतने का सपना अधूरा रह गया है। इस बीच अब खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करने लगे हैं। हालांकि जिन खिलाड़ियों का प्रदर्शन आईपीएल में अच्छा नहीं रहा, उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पा रही है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल खेलने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जानी है। इसके लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है, लेकिन इसमें जेक फ्रेजर-मैकगर्क का नाम नहीं है। उन्हें उभरते हुए विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माना जाता है, लेकिन इस बार के आईपीएल में वे बुरी तरह से फ्लॉप रहे, यहां तक कि उन्हें दिल्ली कैपिटलस की प्लेइंग इलेवन से भी बाहर कर दिया गया था, लेकिन अब उनकी छुट्टी ऑस्ट्रेलियाई टीम से भी हो गई है।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने अभी कुछ ही वक्त पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था, लेकिन शुरुआत में ही उनके करियर पर संकट मंडराना शुरू हो गया है। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज के लिए मिचेल ओवन को मौका दिया है। उन्हें पहली बार टीम में जगह दी गई है। यानी उन्हें डेब्यू का मौका मिल सकता है।

## रूस के खिलाफ जंग में ब्रिटेन करेगा यूक्रेन की मदद, 2026 तक 1 लाख ड्रोन देने का किया वादा



नई दिल्ली। ब्रिटेन ने यूक्रेन को अप्रैल 2026 तक 1 लाख ड्रोन देने की घोषणा की है, जो पहले से 10 गुना अधिक है. यह फैसला रूस के खिलाफ युद्ध में ड्रोन की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए लिया गया है.

ब्रिटेन ने बुधवार (04 जून, 2025) को घोषणा की है कि वह अप्रैल 2026 तक यूक्रेन को 1 लाख ड्रोन उपलब्ध कराएगा. यह अब तक की तुलना में 10 गुना ज्यादा है. सरकार का कहना है कि ड्रोन ने युद्ध के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है और यही वजह है कि यह मदद बेहद अहम मानी जा रही है. इसके साथ ही ब्रिटेन, यूक्रेन की सैन्य सहायता भी कर रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल ब्रिटेन 247 मिलियन पाउंड यूक्रेनी सैनिकों की ट्रेनिंग पर खर्च करेगा. यह फैसला उस समय आया है जब ब्रिटेन ने हाल ही में एक स्वतंत्र  को मंजूरी दी है, जिसमें आधुनिक तकनीकों से लैस, ज्यादा प्रभावशाली सेना की जरूरत पर जोर दिया गया है, खासकर रूस जैसी संभावित धमकियों को देखते हुए. यूक्रेन पर रूस के हमले के तीन साल पूरे होने के बाद, ब्रिटेन युद्ध से मिले अनुभवों से सीख लेकर अपनी रणनीति को और ज्यादा मजबूत करना चाहता है. ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली यह घोषणा ब्रुसेल्स में हो रही 50 देशों की बैठक से पहले की, जिसे जर्मनी के साथ मिलकर आयोजित किया गया है. रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ब्रिटेन ने जनवरी 2025 से अब तक यूक्रेन को 1.4 लाख तोप के गोले भेजे हैं और इस साल 247 मिलियन पाउंड यूक्रेनी सैनिकों की ट्रेनिंग पर खर्च करेगा.

## गुरुद्वारे की जमीन को वक्फ बोर्ड ने बताई अपनी संपत्ति, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला



नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा स्थित एक गुरुद्वारे की जमीन को वक्फ भूमि बताते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई। दिल्ली वक्फ बोर्ड का दावा था कि शाहदरा में जिस जमीन पर गुरुद्वारा बना हुआ है, वह वक्फ की जमीन है और आजादी से पहले वहां एक मस्जिद थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि गुरुद्वारा कई दशकों से वहां पर है, इसलिए वक्फ बोर्ड को पीछे हट जाना चाहिए। इसके पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी वक्फ बोर्ड की याचिका को खारिज कर दिया था।

### शाहदरा इलाके में स्थित है गुरुद्वारा

ये पूरा मामला शाहदरा स्थित गुरुद्वारे की जमीन से जुड़ा है। इसे वक्फ की संपत्ति बताते हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड ने वहां मस्जिद होने का दावा किया था। बोर्ड की तरफ से पेश हुए वकील संजय घोष ने कहा कि निचली अदालतों में मस्जिद होने के दावे को स्वीकार किया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मांग को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जब गुरुद्वारा वहां अच्छी तरह संचालित हो रहा है, तो उसे रहने दें। एक धार्मिक संरचना पहले से चल रही है, इसलिए वक्फ बोर्ड को खुद पीछे हट जाना चाहिए। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि आपको खुद ही दावे को छोड़ देना चाहिए। 2010 में वक्फ बोर्ड की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने भी खारिज कर दिया था, जिसके बाद बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में कहा गया था कि वहां मस्जिद तकिया बब्बर शाह स्थित थी और जमीन वक्फ को दी गई थी। हालांकि प्रतिवादी का तर्क था कि संपत्ति वक्फ की नहीं रह गई, क्योंकि उसके तत्कालीन मालिक मोहम्मद अहसान ने इसे 1953 में बेच दिया था।

## पाकिस्तानी सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़, 14 की हुई मौत

पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में 14 आतंकवादियों को मार गिराया है। सैन्य मीडिया विंग ने बुधवार को इस बारे में जानकारी दी है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस की ओर जारी एक बयान के अनुसार, ÷2-3 जून, 2025 को, आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया गया था।÷

ढ्ढस्क्क्र के बयान में कहा गया कि सैनिकों ने क्षेत्र में आतंकवादी ठिकाने पर छापा मारा। भीषण गोलीबारी के बाद, 14 आतंकियों को मार गिराया गया। इसमें कहा गया, ÷क्षेत्र में अन्य आतंकवादियों को खत्म करने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। बता दें कि, हाल ही में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के कम से कम 41 आतंकवादी अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश के दौरान एक मुठभेड़ में मारे गए थे। यह मुठभेड़ उत्तरी वजीरिस्तान के कबायली जिले बिबक घर इलाके के पास हुई थी। मारे गए आतंकियों में अधिकांश अफगान नागरिक थे। बता दें कि, टीटीपी की जड़ें अफगानिस्तान के तालिबान आंदोलन से जुड़ी हुई हैं, लेकिन यह संगठन स्वतंत्र रूप से पाकिस्तान में सक्रिय रहा है। इसकी स्थापना बैतुल्लाह महसूद ने की थी, जो दक्षिण वजीरिस्तान के प्रभावशाली नेता थे। संगठन कई छोटे-बड़े गुटों का गठजोड़ है।

## आरसीबी बेंगलुरु में ओपन बस परेड इवेंट हुआ रद्द



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का फाइनल मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया था। आरसीबी ने पंजाब को 6 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। 18 साल का सूखा आरसीबी ने खत्म कर दिया और आखिरकार आईपीएल 2025 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। दुनिया में मौजूद आरसीबी फैंस जीत का जश्न मना रहे हैं। हालांकि इसी बीच फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। एक अहम इवेंट रद्द कर दिया गया है, जिससे फैंस को बड़ा झटका लगा है।

साल 2008 से आईपीएल में भाग ले रही आरसीबी ने आखिरकार साल 2025 में अपना पहला खिताब जीता। टीम लगातार ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रही थी। लेकिन हर सीजन टीम को निराशा के सिवा कुछ भी हाथ नहीं लगा था। लेकिन इस सीजन आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन किया और इतिहास रच दिया।

इन 18 सालों में आरसीबी के फैंस ने टीम को खूब सपोर्ट किया। टीम के खराब और अच्छे प्रदर्शन पर भी फैंस हमेशा आरसीबी के साथ खड़े रहे थे। शायद यही कारण था कि ट्रॉफी जीतने के बाद विराट कोहली ने भी फैंस का शुक्रिया अदा किया और ट्रॉफी को फैंस के लिए डेडिकेट भी किया। इसके बाद आरसीबी बेंगलुरु में ओपन बस परेड निकालने वाली थी। लेकिन अब इस बड़े इवेंट को रद्द कर दिया गया है।

## आईएमएफ के बाद अब एडीबी पाकिस्तान को देगा 668 करोड़



नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक ने पाकिस्तान के लिए 668 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान को ये रुपये राजकोषीय स्थिति को बेहतर करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दिए जा रहे हैं। पाकिस्तान में एडीबी की डायरेक्टर एम्मा फैन ने कहा कि पाकिस्तान ने मैक्रोइकोनॉमिक परिस्थितियों में सुधार के मामले में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले महीने एडीबी बोर्ड की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को दिए जा रहे इस पैसे को अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई थी।

भारत ने तर्क देते हुए कहा कि पाकिस्तान के लिए यह पैकेज न मंजूर किया जाए क्योंकि पाकिस्तान इस पैसे का इस्तेमाल आतंकियों की भर्ती और उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगा। इससे पहले आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर का कर्ज दिया था। इस समय भी भारत ने पाकिस्तान के रिकॉर्ड की जांच करने और आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपों को देखते हुए जांच की मांग की थी।

बता दें कि आईएमएफ और एडीबी के अलावा विश्व बैंक भी पाकिस्तान को कर्ज देने की तैयारी में है। इस साल जनवरी में विश्व बैंक ने पाकिस्तान को अगले 10 सालों में 20 अरब डॉलर का कर्ज देने का समझौता किया है। ये कर्ज जलवायु परिवर्तन और निजी क्षेत्र के विकास जैसे मुद्दों पर दिया जाना है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**आरसीबी के जश्न के दौरान बंगलूरू....**

डीके शिवकुमार ने आगे कहा, मैंने पुलिस कमिश्नर और सभी से बात की है, मैं बाद में अस्पताल भी जाऊंगा। मैं उन डॉक्टरों को परेशान नहीं करना चाहता जो मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। अभी सही संख्या नहीं बताई जा सकती, हम लोगों से शांत रहने की अपील करते हैं। हमने कार्यक्रम छोटा कर दिया, पूरा कार्यक्रम 10 मिनट में ही खत्म हो गया। हम सब कुछ सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं... यहां पर लाखों लोग आए थे। बंगलूरू पुलिस की ओर से पहले ही सलाह दी गई थी कि केवल वैध टिकट या पास रखने वालों को ही स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा। साथ ही लोगों को निजी वाहन लाने से बचने और मेट्रो या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहा गया था, क्योंकि पार्किंग की सुविधा सीमित है। बता दें कि, यह विशेष सम्मान समारोह कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की तरफ से आयोजित किया गया था। पहली बार आईपीएल जीतने के बाद आरसीबी टीम के खिलाड़ी अपने प्रशंसकों से मिलने स्टेडियम पहुंचे थे। बंगलूरू हादसे पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने ट्वीट कर लिखा, बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी टीम के जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ में कई लोगों की जान जाने और कई के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सुनकर हमें गहरा सदमा लगा है। इस त्रासदी के दर्द ने जीत की खुशी को भी खत्म कर दिया है। मृतकों की आत्मा को शांति मिले और घायलों और अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मेरी संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। ऐसी भगदड़ और भीड़ के बेकाबू होने के कारण अप्रिय घटना की आशंका के चलते टीम को विजय परेड में मार्च करने की अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, स्टेडियम के पास लोगों की भीड़ के कारण मची भगदड़ के कारण यह दुर्घटना हुई। मैं जनता से अपील करता हूं कि वे समझें कि प्यार और स्नेह से ज्यादा महत्वपूर्ण जीवन है और सुरक्षा को पहली प्राथमिकता दें।

**1 मार्च 2027 से शुरू होगी....**

कि कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना में जातिगत आंकड़ों को शामिल करने की स्वीकृति दे दी है. उन्होंने कहा था, कैबिनेट समिति ने आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है. यह फैसला सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण तथा समग्र राष्ट्रीय प्रगति की दिशा में एक अहम कदम है. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जनगणना पारदर्शी तरीके से कराई जाएगी. देशभर में जातिगत गणना की मांग काफी समय से उठती रही है. कांग्रेस, INDIA गठबंधन और विभिन्न क्षेत्रीय दलों ने बार-बार इसकी आवश्यकता को रेखांकित किया है. हाल ही में कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार ने राज्य स्तरीय जातिगत सर्वे कराया था, जिसे लेकर कुछ प्रमुख समुदायों वोक्कालिगा और लिंगायत ने यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि इस सर्वे में उनके साथ न्याय नहीं हुआ. गौरतलब है कि भारत में यह जनगणना मूल रूप से अप्रैल 2020 में आयोजित की जानी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था. अगर इसे तय समय पर किया गया होता, तो अंतिम रिपोर्ट 2021 तक सामने आ जाती. जनगणना 2027 सिर्फ जनसंख्या की गणना भर नहीं होगी, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है. वंचित वर्गों की सही पहचान और उनके लिए योजनाओं की बेहतर दिशा तय हो सकेगी. आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक और अद्यतन आंकड़े उपलब्ध होंगे. नीतियों और योजनाओं का पुनर्गठन संभव होगा जो समावेशी विकास की दिशा में उपयोगी हो सकता है. भारत में पिछली जनगणना वर्ष 2011 में की गई थी, जो दो चरणों में पूरी हुई थी. पहला चरण मकान सूचीकरण और दूसरा चरण जनगणना. 2021 में अगली जनगणना प्रस्तावित थी, जिसकी सभी तैयारियां भी पूरी हो गई थीं, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा. यदि यह जनगणना समय पर होती, तो 2021 तक इसकी अंतिम रिपोर्ट सामने आ चुकी होती.

**21 जुलाई से 12 अगस्त तक....**

सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इससे पहले संसद का बजट सत्र इस साल 31 जनवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा और राज्यसभा दोनों को 4 अप्रैल को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जिससे 2025 का पहला संसद सत्र समाप्त हो गया था।

**विष्णुदेव साय कैबिनेट का बड़ा....**

सकेगा। स्थानांतरण के विरूद्ध 15 दिन में राज्य स्तरीय समिति को अभ्यावेदन किया जा सकेगा। 25 जून के बाद स्थानांतरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, अत्यंत आवश्यक होने पर समन्वय में अनुमोदन उपरांत स्थानांतरण किया जा सकेगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री जी के घोषणानुसार ग्राम पंचायत दामाखेड़ा का नाम ''कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा'' किये जाने का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 23 फरवरी 2024 को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा तहसील अंतर्गत दामाखेड़ा में आयोजित संत समागम समारोह ''मांघीमेला'' में सम्मिलित होकर दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा नाम किए जाने की घोषणा की थी। मंत्रिपरिषद द्वारा कबीरधाम जिले के कवर्धा तहसील के ग्राम पंचायत गदहाभाठा का नाम परिवर्तन कर ग्राम पंचायत सोनपुर तथा बोड़ला तहसील के ग्राम पंचायत चण्डालपुर का नाम परिवर्तन कर ग्राम पंचायत चन्दनपुर किए जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की कला, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य में कलाग्राम की स्थापना हेतु नवा रायपुर अटल नगर में संस्कृति विभाग को 10 एकड़ भूमि निःशुल्क आबंटित करने तथा उक्त भूमि के विरूद्ध प्रतिपूर्ति राशि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को भुगतान करने का निर्णय लिया गया। यह कलाग्राम शिल्पकारों, लोक कलाकारों और परंपरागत कारीगरों के लिए एक समर्पित केंद्र होगा, जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को सुदृढ़ करेगा और स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला को प्रदर्शित करने का एक स्थायी मंच भी प्रदान करेगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी की स्थापना के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 13.47 एकड़ भूमि निःशुल्क आबंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस अकादमी में आउटडोर व इनडोर (एसी) तीरंदाजी रेंज, उच्च प्रदर्शन केंद्र, छात्रावास एवं आवासीय सुविधा का निर्माण किया जाएगा। इससे छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और अधिक मजबूती से उभरेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को शहरों में किफायती एवं सस्ते भूखण्ड उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसग? किफायती जन आवास नियम, 2025 का अनुमोदन किया गया। इससे लोगों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उचित दर पर भूखंड उपलब्ध कराकर पानी, बिजली, सड़क, सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। अवैध प्लाटिंग की रोकथाम के साथ ही लोगों को सुव्यवस्थित कॉलोनियों का विकल्प मिलेगा और राज्य में रियल एस्टेट व इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में निवेश के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों व्यक्ति एवं संगठनों को सम्मानित करने के लिए युवा रत्न सम्मान योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत युवा कल्याण के क्षेत्र में असाधारण और विशिष्ट सेवा कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा स्वैच्छिक संगठनों को ''छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान'' से सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान हर वर्ष राज्य के एक युवा और एक स्वैच्छिक संस्था को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाएगा। इसमें युवा को पदक, प्रमाण पत्र, शॉल और अधिकतम 2.50 लाख रूपए, जबकि संस्था को अधिकतम 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके साथ ही सामाजिक, साहित्य, नवाचार, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला-संगीत तथा लोककला के क्षेत्र में ''युवा रत्न सम्मान'' प्रदान किया जाएगा। युवा रत्न सम्मान प्रत्येक वर्ष उपरोक्त क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित एक-एक युवाओं को प्रदान किया जाएगा। जिसमें पदक, पदक प्रमाण पत्र, शॉल और अधिकतम एक लाख रूपए शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान केवल महिलाओं और बालिकाओं को दिया जाएगा। आवेदक को छत्तीसगढ का मूल निवासी होना चाहिए और उसकी उम्र 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सरकारी कर्मचारी, सरकारी उपक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत व्यक्ति पात्र नहीं होंगे। एक व्यक्ति या संस्था को एक ही साल में एक ही श्रेणी का पुरस्कार मिल सकता है और एक श्रेणी का पुरस्कार किसी को दोबारा नहीं दिया जाएगा।

**ट्राला पलटते ही चपटी हुई कार, चार...**

ईको कार को एक ट्राले ने अपनी चपेट में ले लिया। ट्राला कार पर पलट गया, जिससे कार उसके नीचे बुरी तरह दब गई। इससे कार में सवार कुल 11 लोगों में से नौ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मुकेश पिता गोपाल खपेड़ (40), सावली पति मुकेश खपेड़ (35), विनोद पिता मुकेश खपेड़ (16), पायल पिता मुकेश खपेड़ (12), मढ़ी पति भारू बमनिया (38), विजय भारू बमनिया (14), कांता पिता भारू बमनिया (14), रागिनी रामचंद्र बमनिया (9) और अकली पति सोमला परमार (35) शामिल हैं। देर रात तीन से चार बजे के बीच हुए हादसे की सूचना पर थांदला और मेघनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाया।

**वैश्विक गोलमेज चर्चा: सीजेआई....**

हो। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 50 का हवाला देते हुए न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच स्पष्ट विभाजन की बात दोहराई। सीजेआई ने न्यायपालिका में विश्वास बनाए रखने के लिए कुछ उपायों की सराहना की है। इनमें न्यायाधीशों की संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा, एनजेडीजी पर केस डेटा उपलब्ध कराना, निर्णयों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद और लाइव स्ट्रीमिंग शामिल हैं। हालांकि, इनके सावधानीपूर्वक उपयोग की चेतावनी भी दी है। CJI ने कहा, लाइव स्ट्रीमिंग सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका ग़लत या संदर्भहीन इस्तेमाल, फर्जी खबरों को जन्म दे सकता है। उन्होंने उदाहरण भी दिया। कहा, हमारे सहयोगी न्यायाधीश की टिप्पणी को संदर्भ से हटाकर न्यायपालिका की छवि खराब करने वाला बताया गया। CJI गवई ने स्वीकारा कि कुछ दुर्लभ उदाहरणों में न्यायिक भ्रष्टाचार की शिकायतें आई हैं।

**25 वर्षों से पदोन्नति की राह देख....**

गया था। वित्त विभाग से स्वीकृति मिलते ही पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जो अब पूर्णता की ओर है। इस पदोन्नति को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह निर्णय केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि अधिकारियों के समर्पण, अनुशासन और वर्षों की सेवा के सम्मान का प्रतीक है। सभी विभागों में समय पर पदोन्नति और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

# राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा आयोजित नाटय स्पर्धा का समापन

राजनांदगांव (दावा)। पदमश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडीटोरियम गौरव पथ में 1 जून रविवार को दोपहर समय 3 बजे से आयोजित एकल अभिनय और नाटय स्पर्धा का आयोजन राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव तथा दुष्यंत दास प्रधान संपादक भास्कर दूत उपस्थित रहें।

राजनांदगांव के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि राजनांदगांव की कोई नाटय संस्था, नाटय स्पर्धा का आयोजन किया। जिससे एक परंपरा की शुरूआत हुई और यह प्रतिवर्ष की जाने की घोषणा भी कि गई। इस प्रतियोगिता में एकल अभिनय प्रथम स्थान को 5000 रूपए, द्वितीय स्थान 3000 रूपए तथा तृतीय स्थान वाले प्रतिभागी को 1000 रूपए नगद राशि दिया गया। साथ ही नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 10000 रूप एवं द्वितीय स्थान 7000 तथा तृतीय स्थान वाले प्रतिभागी को 3000 नगद राशि दिया गया। एकल अभिनय प्रतियोगिता में कुल 7 लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें राजनांदगांव के 3 कलाकार व दुर्ग से 3 तथा रायपुर से 1 कलाकार ने हिस्सा लिया। इन कलाकारों ने अपने-अपने अभिनय से राजनांगदगांव के दर्शकों का मन मोह लिया। इस एकल प्रतियोंगिता में 7 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। इस प्रतियोगिता में भिलाई की अदविका तिवारी (सिंड्रेला) ने प्रथम स्थान ने प्राप्त किया तथा द्वितीय पुरस्कार अनिता उपाध्याय (धरती के दो ध्रुव) भिलाई को दिया गया और तृतीय स्थान पर राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के फहीमुर्रहमान (एक कप चाय) रहें। इसके बाद नाटक स्पर्धा में कुल 50 मिनट का निर्धारित समय था। जिसमें चार नाटकों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

जिसमें पहली प्रस्तुति नाटक आवाज का नीलाम का मंचन किया गया। जिसके लेखक धर्मवीर भारती और निर्देशक नवीन निर्मलकर थे। जिसे नवीन निर्मलकर व संकल्प



नाटकों के महासंग्राम में एकल अभिनय में भिलाई की अदविका तिवारी प्रथम
नाटय स्पर्धा में राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के 'द लास्ट लेटर' ने बाजी मारी

तिवारी द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया।

उसके पश्चात शाश्वत उत्सर्ग युथ नाटय संस्था धमतरी द्वारा पीयुष मिश्रा द्वारा लिखित व आकाशगिरी गोस्वामी द्वारा निर्देशित नाटक 'गगन द मामा बाज्यो' का मंचन किया गया। तत्पश्चात राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा द लास्ट लेटर प्रस्तुत किया गया। जिसके लेखक व निर्देशक शहर के रंगकर्मी रितेश सिंगाडे द्वारा किया गया था और अंतिम प्रस्तुति सत्य नाटय मंच भिलाई के नाटक दंश की रही। सभी नाटकों के प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा। साथ ही 1995 कॉलेज ग्रुप के द्वारा सभी दर्शकों के खाने की व्यवस्था भी कि गई थी। नाटक विद्या स्पर्धा में प्रथम स्थान 'द लास्ट लेटर' राजनांदगांव थियेटर ग्रुप को दिया गया और द्वितीय स्थान पर गगन दमामा बाज्यो धमतरी को दिया गया तथा तृतीय स्थान नाटक आवाज का नीलाम को दिया गया।

इस प्रतियोगिता में कैटेगिरी अवार्ड भी दिये गये जिसमें बेस्ट एक्टर अवार्ड नवीन निर्मलकर को नाटक आवाज का नीलाम के लिये दिया गया, बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड आकाश गिरी गोस्वामी नाटक गगन द मामा बाज्यो धमतरी को दिया गया तथा बेस्ट स्टेज डिजाईन अवार्ड बेनेडिक्ट प्रांसिस को नाटक द लास्ट लेटर को दिया गया तथा बेस्ट म्युजिक का अवार्ड रूपेश साहु नाटक द लास्ट लेटर को दिया गया व बेस्ट लाईट अवार्ड अनिकेत को नाटक द लास्ट लेटर को दिया गया बेस्ट बाल कलाकार अवार्ड के रूप में रक्षित सिंगाडे व अदविका तिवारी को दिया गया बेस्ट एक्ट्रेस अवार्ड दिपिका दवे को नाटक द लास्ट लेटर को दिया गया बेस्ट स्टोरी का अवार्ड नाटक दंश भिलाई को दिया गया बेस्ट निगेटिव रोल के लिये आकाश गिरी गोस्वामी नाटक गगन द मामा बाज्यो धमतरी को दिया गया।

नाटक द लास्ट लेटर 8 जून को शिमला ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसियेशन प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के आमोद श्रीवास्तव व शुभांजलि श्रीवास्तव तथा अल्बर्ट श्रीवास्तव एवं निधि श्रीवास्तव द्वारा प्रतियोगिता के जजों को पेंटिंग कर उनकी स्वयं की फेटों को बनाकर सप्रेम भेट किया गया।

राजनांदगांव थियेटर ग्रुप सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया खासतौर पर सचिन अग्रहरि ब्युरो चीफहरिभुमि, मोहित गर्ग सर एस.पी. राजनांदगांव, सिंधी समाज के विजय परयानी, पंकज सोंलकी, कीर्तन सिन्हा, दिनेश नामदेव, राजू सोनी, रौशन साहू, प्रभा लकरा, सुरेन्द्र चंद्राकर, इत्यादि ने इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में विशेष योगदान दिया जिसका राजनांदगांव थियेटर ग्रुप ने आभार व्यक्त किया गया।

## अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीणजन परेशान, विद्युत विभाग जल्द निकाले समाधान



राजनांदगांव (दावा)। जिले के खुज्जी विधानसभा के क्षेत्रवासी इन दिनों बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं। दर्जनों गांव में घंटों से बिजली आपूर्ति प्रतिदिन बाधित हो रही है।

इस कारण गर्मी के मौसम में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह बात खुज्जी विधानसभा के ग्रामीण कुमार साहू ने कहीं। उन्होंने बताया कि यह समस्या लगातार बनी हुई है। बिजली कटौती से जनसेवा केन्द्रों का कामकाज और स्थानीय व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। कई घंटे तक बिजली न होने से लोगों को पानी भरने में भी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों ने विद्युत विभाग पर नाराजगी जताई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण विद्युत केंद्र पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## तुमड़ीबोड़ अस्पताल की सुविधा बढ़ाने जनपद सदस्य सरिता मदन साहू की पहल



राजनांदगांव (दावा)। जिले की जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत तुमड़ीबोड़ क्षेत्र की सदस्य सरिता मदन साहू क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं दिलाने सतत् प्रयत्नशील हैं।

इस कड़ी में उन्होंने एबीस कंपनी के प्रबंधक से पत्र व्यवहार करते हुए बात की है। श्रीमती साहू ने उनसे तुमड़ीबोड़ सरकारी अस्पताल के जचकी वार्ड में एयर कंडीशनर लगवाने और लंबी अवधि से चालक के नहीं रहने से खड़ी एम्बुलेंस के लिए चालक उपलब्ध करवाने की मांग की है। श्रीमती साहू ने बताया कि जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र क्रमांक तुमड़ीबोड़ में शासकीय अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ में पूर्व से ही एक नग एम्बुलेंस शासन द्वारा प्रदान किया गया है, परन्तु उक्त एम्बुलेंस के संचालन हेतु कोई भी वाहन चालक उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण एम्बुलेंस का उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिस हेतु एक वाहन चालक आपकी संस्था से उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे।

साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ के प्रसव कक्ष में 1 नग एसी की आवश्यकता है। जिसे संस्था के जीवन दीप समिति के फंड में राशि न्यूनतम होने के कारण से खरीदा जाना संभव नहीं है। जिस पर जनपद सदस्य सरिता मदन साहू के प्रयास से एबीस ग्रुप ऑफ कंपनी (इंदमरा) ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एम्बुलेंस संचालन हेतु ड्राइवर की व्यवस्था की हैं। जिसके लिए श्रीमती साहू ने एबीस ग्रुप ऑफ कंपनी (इंदमरा) का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप मितानिन सुखबती वर्मा, कमलेश्वरी, मुलिया निषाद, रेणुका वर्मा, सावित्री साहू, उषा साहू, ममता साहू, प्रमिला श्रीवास्तव, दिलेश्वरी साहू, राजकुमारी साहू, गिरिजा साहू, पंचगण, आशीष साहू, जयराम साहू, डॉ. अजय त्रिपाठी सहित समस्त हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे।

## मनगटा में सदगुरु कबीर प्रगट उत्सव बड़ी हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया



टेड़ेसरा (दावा)। ग्राम मनगटा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सतगुरु कबीर साहेब के प्रगट उत्सव बड़ी हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें ग्रामीण संत जन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। जिसमें सुबह दीप प्रज्वलित महंत त्रिलोकी दास साहेब कबीर आश्रम पोटिया डीह के द्वारा शुभारंभ करते हुए। गुरु महिमा पाठ एवं निशान पूजा, भजन सत्संग, कीर्तन संत मंडली के द्वारा किया गया। साथ ही महंत त्रिलोकी दास साहेब के द्वारा प्रवचन का भी आयोजन किया गया।

साहेब के द्वारा मास मदिरा खान पान रहन-सहन के बारे में भी विस्तार पूर्व संत जनों को प्रवचन के माध्यम से बताया गया। सतगुरु कबीर साहेब कहते हैं संत बड़े परमार्थी, शीतल उसके अंग। खाने का मतलब क्या है की संतो का जो जीवन है परमार्थ दूसरों के लिए अपना पूरा ध्यान सेवा में लगाते हैं।

इसी प्रकार यह जो हमारा शरीर यह जीवन दूसरों के हित और परमार्थ बानी वचनों का भी ध्यान रखते हुए दूसरों की सेवा में अपना यहां मानव जीवन व्यर्थ न जाने दे। सतगुरु कबीर साहेब के वाणी वचनों का रसपान करने के लिए दुर-दुर से संत जन आए हुए थे। सतगुरु कबीर साहेब प्रगट उत्सव के अवसर पर दामाखेड़ा पंथ के उपाध्यक्ष प्रमोद साहेब भी उपस्थित थे।

साथ में क्षेत्र के जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, परी क्षेत्रीय अध्यक्ष उत्तम साहेब, महेश साहेब, परमानंद साहेब नंदकिशोर साहेब, नेमू चंद साहेब एवं परी क्षेत्रीय मीडिया लूमन दास साहू इस प्रकट उत्सव के अवसर पर ग्रामीण भी बड़ी संख्यां में उपस्थित होकर प्रगट उत्सव मनाया गया।

## जल बचाने के लिए जलयात्रा कर गली-गली में घुम रही नारी शक्ति




राजनांदगांव (दावा)। जल बचाने के लिए जलयात्रा कर गली गली में घूमकर नारी शक्ति भरी धूप, गर्मी में पसीना बहा रही है। प्रतिदिन 10 बजे से 6 बजे तक 3 गांव में जलयात्रा निकालकर गांव को इस अभियान महत्त्व को नारा के माध्यम अवगत करा रही, लोग बड़ी संख्या में जलयात्रा कर चौपाल में शामिल हो रही है लोगो को जलऔर पौधा के महत्व समझते हुए एक सूत्र में बंधकर संरक्षण करने की ओर बढ़ रहे है 7 आज डोंगरगांव के 3 गांव क्रमशः किरगी, रूपाकाठी, रिवागहन में हरीयाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी प्रमुख शिव कुमार देवांगन, जानिया साहू,सरपंच श्रीमती पुष्प लता हिरवानी, उपसरपंच सागर साहू, पीआरपी रिंकी सिंह शामिल हुए7 फूलबासन यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोग को बताया कि जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए महिलाओं के साथ ही बढ़ चढ़कर पुरुष कदम से कदम मिलाकर सहभागी बनकर सहयोग दे रहे है सभी के सहयोग कार्यक्रम सफल होगा, सभी के यहां सोखता गड्ढा बनाकर एवं पौधा लगाकर बचाने दिशा में योगदान दे 7शिव देवांगन ने बताया कि अब 118 गांव में जलयात्रा निकालकर महिलाओं ने साहसी कार्य किए है, लोगो को ये समझ में आ रहा है, पानी बचाने एवं पौधा लगाने से ही जीवन सुरक्षित रहेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता



राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2025 (22 मई से 5 जून) के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिनों थीम के अनुसार जागरूकताए संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुरर मंडल द्वारा ''Reduce Plastic Pollution'' (प्लास्टिक प्रदूषण में कमी लाना) थीम पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर आयोजित किया गया।

दिलीप सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि इसके अंतर्गत स्टेशनों पर स्थापित प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की कार्यस्थिति एवं रख-रखाव की समीक्षा की गई। इसके साथ ही स्टॉल संचालकों व विक्रेताओं को सिंगल उपयोग प्लास्टिक कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। जिससे कि एकल उपयोग प्लास्टिक पर लगाए गए प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित किया जा सके। यात्रियों को स्वयं की बोतल उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। यात्रियों को जागरूक करने हेतु स्टेशन पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से अपने स्वयं के पानी की बोतलों का उपयोग करने की अपील की जा रही है। यात्रियों को एकल प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यात्रियों को डस्टबिन का सही उपयोग करने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल वस्तुओं का प्रयोग करने तथा खाद्य विक्रेताओं को प्लास्टिक के स्थान पर इको-फ्रेंडली कटलरी उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## विकास का चश्मा देने के पहले शर्म से डूब मरे कांग्रेसी - देवकुमारी साहू



राजनंदगांव (दावा)। भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू ने कांग्रेसी नेता द्वारा विकास के बारे में दृष्टिकोण पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस के शासन में विकास नहीं बल्कि राजनांदगांव का विनाश हुआ। यहां के सभी कार्यालय भूपेश बघेल के कुदृष्टि के कारण दुर्ग स्थानांतरित किए गए और कांग्रेस के सत्ता में आते ही सभी विकास कार्य ठप हो गए और डॉ. रमन सिंह द्वारा दी गई विकास राशि को वापस मंगाया गया। इसलिए विधानसभा में यहां की जनता ने कांग्रेस को करारा जवाब दिया। देवकुमारी साहू ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की पर्यायवाची है और कांग्रेस के शासन में जितना भी काम हुआ कागजों में हुआ और सारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। शराब में 2000 करोड़ का घोटाला, नरवा, गुरुवा, बाडी, गोबर खरीदी घोटाला, गोठान घोटाला, महादेव एप सट्टा घोटाला, राशन घोटाला आदि ऐसे ना जाने कितने घोटाले कांग्रेस शासन में हुए है। इसके विपरीत 15 वर्षों में डॉ. रमन सिंह की सरकार ने छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, आदिवासी छात्रावास के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में विकास के ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित हुए। श्रीमती साहू ने कहा कि ऐसी स्थिति में कांग्रेसी अगर विकास का चश्मा देखने की बात करें तो उन्हें आश्चर्य होता है।

## साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

डोंगरगढ़(दावा)। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 3 जून मंगलवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ईकाई के संयुक्त तत्वाधान शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य सहित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने साइकिल दिवस 2025 की थिम-स्थाई भविष्य के लिए साइकिल चलाना, को ध्यान में रखकर महाविद्यालय परिसर में साइकिल चलाकर साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ' और 'फिट रहो, हिट रहो का संदेश दिया।



नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया विश्व साइकिल दिवस

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कहा कि साइकिल एक सशक्त माध्यम है, न केवल यातायात के लिए, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी। हमें इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2018 में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में घोषित किया गया था। तब से यह दिन विश्व भर में मनाया जा रहा है ताकि साइकिल को एक सस्ता, स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन साधन के रूप में प्रोत्साहन मिल सके। इस दिवस का उद्देश्य साइकिल चलाने की आदत को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमें, सहा. प्राध्या. जी.के. यादव, बेदप्रकाश साहू, ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े सहित कर्मचारीगण नितिन शांडिल्य, के.जी. सोनकर, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढ़े, प्रिति सहारे, महेश कोटांगले सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थित में जिला स्तरीय बैठक संपन्न



खैरागढ़/छुईखदान (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय बैठक संस्कारधानी राजनांदगांव में संपन्न हुआ, जिसमें आगामी रणनीति एवं प्रदेश स्तरीय वृहद आंदोलन के संबंध में चर्चा किया गया।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर 20 वर्षों से संघर्षरत है, जिसमें नियमितीकरण, ग्रेड पे, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति के मांगों के लिए लगातार संघर्ष कर रहें हैं। एनएचएम कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। पिछले माह उपरोक्त मांगों को लेकर कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य भवन घेराव किया गया था, जिसमें प्रशासन की तरफ से एक माह में उक्त मांगों को पूर्ण करने का संघ के पदाधिकारी के बीच बैठक उपरांत सहमति बना, लेकिन 1 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई भी प्रकार से प्रशासन की तरफ निर्णय नहीं लिया जा रहा हैं, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अंदर ही अंदर प्रदेश स्तर से बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही हैं। इसी संदर्भ में दिनांक 01.06.2025 को संस्कारधानी के महाराष्ट्र मंडल भवन में प्रदेश पदाधिकारियों के उपस्थित में बैठक संपन्न हुआ। एक माह बीत जाने बाद भी नहीं मिला आश्वासन का जवाब राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों में धीरे-धीरे आक्रोश बढ़ रहा है। प्रदेश संगठन से हेमंत सिन्हा, डॉ. रविशंकर शंकर दीक्षित, पूरन दास, दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. सत्या बारले, शेखर ताम्रकार, भीष्म साहू, गजेन्द्र गुप्ता, डॉ. तेज देशलहरे की उपस्थित में सर्वसम्मति से जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के एनएचएम कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष के रूप में मोहन साहू को बनाया गया। उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव हेमंत साहू, सहसचिव विवेक मेश्राम सहमति चुने गए। जिले से बृजेश ताम्रकार, राजू भुआर्य, दिलेश्वर साहू, श्रीमती राधा पदमाकर, उपेंद्र नाथ ठाकुर, सुनील सहारे, नवीन पाल, तोरण साहू, महेन्द्र कंडरा सहित अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## मनगटा वन चेतना क्षेत्र स्थित रिसोर्ट के संचालकों व प्रबंधकों की ली गई बैठक



आगंतुकों के सुरक्षा व अनैतिक गतिविधियों की तत्काल सूचना देने दी गई हिदायत

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक व थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन की उपस्थिति में थाना सोमनी में वनचेतना केन्द्र मनगटा के रिसॉर्ट संचालकों व प्रबंधकों का मीटिंग लिया गया।

मीटिंग में वेदा रिसॉर्ट, अकाय रिसॉर्ट एंड विल्ला, जॉय-बॉय कैफे, रॉक विल्ला, ला-विल्ला, पुल-विल्ला, वन विनोदन रिसॉर्ट, चेस्टा, स्काई, चिन्हारी, नौटंकी ढाबा, पिंजरा हाउस, तितोस विल्ला, मिराकल रिसॉर्ट, सन्नी-इन्न, वनांचल, ई-6, लोचा वाटिका, डैड्सि विल्ला, फोरेस्ट वाईबस, किंग्स इन्न रिसोर्ट के संचालक व प्रबंधक सम्मिलित हुए थे जिन्हें रिसोर्ट आने जाने वाले रास्तों में पर्याप्त लाईट, सीसीटीवी लगाने व उनकी रखरखाव तथा सीसीटीवी कैमरो की बैकअप 15 दिनों से ज्यादा रखने तथा रिसोर्ट में आने जाने वालो लोगों का वैध पहचान पत्र, आधार कार्ड प्राप्त कर रजिस्टर में संधारण करने, रात्रि में रिसोर्ट में डीजे नही बजाने, नशा का सेवन नही करवाने व आगंतुकों की सुरक्षा हेतु गार्ड तैनात करने व पुलिस हेल्प लाईन हेतु नोटिस बोर्ड लगाने तथा अनैतिक गतिविधियों की सूचना तत्काल सोमनी पुलिस को दिये जाने हेतु हिदायत दिया गया।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सीआरई कार्यक्रम का सफल आयोजन, 253 प्रतिभागियों ने लिया भाग



राजनांदगांव (दावा)। सीआरसी ठाकुरटोला में 3 एवं 4 जून को राष्ट्रीय स्तर के दो दिवसीय ऑफलाइन सीआरई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय संस्थान एनआईईपीआईडी हैदराबाद द्वारा समग्र शिक्षा रायपुर के सहयोग से किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए ब्लॉक रिसोर्स पर्सन एवं विशेष शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के लिए आरसीआई पोर्टल पर 300 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से पहले दिन कुल 253 प्रतिभागी उपस्थित रहे। आयोजन में कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे। मधुसूदन यादव (महापौर), श्रीमती स्मिता महोबिया (निदेशक, सीआरसी), श्रीमती सीमा गौरा (सहायक निदेशक, समग्र शिक्षा, रायपुर), डॉ. कूना ललिता (लेक्चरर, एनआईईपीआईडी हैदराबाद), श्रीमती श्यामा तिवारी (राज्य समन्वयक, समग्र शिक्षा), करण सिंह सिसोदिया (राज्य सलाहकार, समग्र शिक्षा), सतीश व्योहरे (जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा), आदर्श वासनिक (सहायक कार्यक्रम समन्वयक, समग्र शिक्षा) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को समावेशी शिक्षा में यूनिवर्सल डिज़ाइन फॉर लर्निंग (डीएल) की अवधारणाओं से परिचित कराना एवं उसे कक्षा में लागू करने हेतु आवश्यक रणनीतियों पर प्रशिक्षण प्रदान करना था।

### विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान

श्रीमती श्वेता कुमारी (क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट, देवाड़ा) समावेशी शिक्षा हेतु एकीकृत विधियां,डॉ. नीलेश मारुति गुजर (सहायक प्रोफेसर, मानसिक स्वास्थ्य विभाग,) समावेशी शिक्षा में आने वाली चुनौतियां, किशन लाल बैरवा (सहायक प्रोफेसर, विशेष शिक्षा, सीआरसी) यूडीएल का शैक्षणिक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, डॉ. कूना ललिता यूडीएल की अवधारणाएं एवं सिद्धांत, प्रशांत मेश्राम (सहायक प्रोफेसर, क्लिनिकल साइकोलॉजी, सीआरसी) शिक्षार्थियों की ।

# महेश नवमी पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा





राजनांदगांव (दावा)। जेष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश की पूजा-अर्चना के साथ समाज का वंशोत्पत्ति दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा महाकाल यात्रा की तर्ज पर शहर में निकाली गई भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा की धूम रही। शहर के रामाधीन मार्ग स्थित माहेश्वरी भवन से शाम को बाजे-गाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा में भगवान शिव-शंकर महेश की आकर्षक प्रतिमा वाली मनोहारी झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में धार्मिक गीतों के साथ भगवान महेश की भक्ति में झूमते-नाचते चल रहे माहेश्वरी समाज के लोगों का भक्ति-भाव देखते ही बनता था।

धूमधाम के साथ शहर भ्रमण के लिए निकली शोभायात्रा का नेतृत्व माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पवन डागा, सचिव संजय लड्ढा, उपाध्यक्ष दामू भूतड़ा, राजेन्द्र लड्ढा, जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष गोविन्द मलानी आदि ने किया। इस दौरान शोभायात्रा में सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी दामोदरदास मूंदड़ा, कमल पोरवाल, अनिल मुंदड़ा, श्रीकांत सारडा, गोवर्धन दास लोहिया, सूर्यकांत चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, योगेश बागड़ी, पुरुषोत्तम गांधी, डॉ. नरेन्द्र गांधी, डॉ. राजेश सदानी, ओमप्रकाश भूतड़ा, प्रमोद बागड़ी, हरिश गांधी आदि के अलावा समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं व अन्य सामाजिकजन शामिल थे।

**भगवान महेश की पूजा-अर्चना के साथ व्हील चेयर का किया वितरण**

### भगवान महेश की पूजा-अर्चना

समाज के अध्यक्ष पवन डागा, उपाध्यक्ष दामू भूतड़ा, सह-सचिव नीरज पोरवाल, राजू डागा आदि ने बताया कि भगवान महेश नवमी के आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सभा के सत्यनारायण राठी, गजेंद्र चांडक, श्रीमती कविता राठी विशेष तौर पर उपस्थित थे। महापौर मधुसूदन यादव शोभायात्रा में शामिल होकर माहेश्वरी समाज को वंशोत्पत्ति दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बताया गया है माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश नवमी के अवसर पर बुधवार को सुबह से ही प्रभात फेरी के पश्चात भगवान महेश की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना आयोजित रही। इसके अलावा समाज के द्वारा मरीजों व याचकों में फल वितरण के साथ रेल्वे स्टेशन वृद्धा आश्रम में व्हील चेयर भेंट की। भगवान श्री महेश की महाप्रसादी के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया। बता दें कि भगवान महेश नवमी पर्व को लेकर समाज के लोगों ने हर्षोल्लास का माहौल रहा। शहर के रामाधीन मार्ग स्थित माहेश्वरी भवन से शाम को 5 बजे निकली भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा में समाज के बड़े-बुजुर्गो सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन और महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे।

समाज के प्रदेश पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान महेश नवमी का पर्व माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति का परम-पूनित दिवस है। इस पूनित अवसर पर माहेश्वरी समाज का 5158 वां वंशोत्पत्ति दिवस पूरे देश और प्रदेश भर में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माहेश्वरी समाज एक ऐसा समाज है जो राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रादेशिक स्तर एवं जिला स्तर में भी काम करता है जिसमें समाज की महिलाओं का भी संगठन जुड़ा हुआ है। जिनके माध्यम से इस पर्व अवसर पर वृक्षारोपण, फल वितरण एवं मंचीय कार्यक्रम सहित अन्य भक्ति-भावना पूरक रचनात्मक कार्य संपादित किया गया।

# तुलसीपुर में मोबाइल टावर लगाए जाने से भड़के वार्डवासी




रेडियेशन फैलने के डर से हटाए जाने की मांग, लगाई गई आपत्ति

राजनांदगांव (दावा)। तुलसीपुर में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में हाई फ्रिक्वेंसी वाले मोबाइल टावर लगाए जाने से वार्डवासी भड़के हुए हैं और उसके घर के सामने प्रदर्शन कर उक्त मोबाइल टावर का जमकर विरोध किया जा रहा है तथा उसे तत्काल हटाए जाने की मांग की है। वार्ड के सुशील राणा, मंगु निर्मलकर, तरुण पटेल, आशीष पटेल, अंजू गहने, विमला सोनी, आशा चिवर्तकर आदि लोगों का कहना है कि मुहल्ले में हाई फ्रिक्वेंसी वाले मोबाइल टावर लगाए जाने से लोगों में शरीर में घातक रेडियेशन फैलने का खतरा है। अतः ऐसे घातक रोगों को जन्म देने वाले टावर यहां लगाया ही नहीं जाए। इस संबंध में वार्डवासियों ने महापौर मधुसूदन यादव व नगर निगम सभापति पारस वर्मा से भी शिकायत की है। उन लोगों द्वारा भी भी वार्डवासियों की शिकायत पर मोबाइल टावर नहीं लगाए जाने का पूरा प्रयत्न किया जा रहा है ताकि लोग मोबाइल टावर से निकलने वाली घातक किरणें से बच सके, लेकिन मोबाइल टावर लगाए जाने के केंद्र सरकार के 2025 के नए नियम बनाए जाने के चलते लोगों के हाथ बंध गए हैं।

वार्ड पार्षद व नगर निगम सभापति पारस वर्मा ने बताया कि जिनके घर में उक्त मोबाइल टावर लगाया जा रहा है, उसके पास मोबाइल टावर लगाए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति व अनुमति के अलावा पूरे कम्प्लीट कागजात है। ऐसे में जनविरोध की दृष्टि से उसे हटाया जाना संभव नहीं जान पड़ रहा।

### वार्ड के लोगों में रेडियेशन फैलने का खतरा

बताया जाता है कि तुलसीपुर निवासी शैल देवांगन के यहां उक्त मोबाइल टावर लगाया जा रहा है। जिससे निकलने वाली घातक किरणें रेडिएशन फैलने के खतरे को लेकर वार्डवासियों ने घर वाले के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और जमकर मोबाइल टावर लगाए जाने का विरोध प्रदर्शन किया जा रहा हैं। फिलहाल मोबाइल टावर लगाने वाले देवांगन के यहां उसके दरवाजे में निगम का आपत्ति पत्र चस्पा कर दी गई है। अब देखना है कि जन विरोध के चलते वार्ड नं. 18 से उक्त मोबाइल टावर हटाया जाता है या नहीं।

# भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के रवि बने महामंत्री



राजनांदगांव (दावा)। लगातार चुनाव के चलते भाजपा अपने मंडल का गठन नहीं कर पा रहा था। पंचायत चुनाव के पश्चात संगठन के कार्यो में तेजी के साथ अब भाजपा ने अपने मंडल का गठन करते हुए अपने मंडलों का विस्तार भी किया है। इसी में डोंगरगढ़ विधानसभा के महत्वपूर्ण मंडल ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार एवं घोषणा करते हुए अपने महामंत्री हेतु प्रमुख रूप से ग्राम ढ़ारा के कार्यकर्ता एवं 20 वर्षो से अधिक पार्टी में सक्रिय रवि यादव को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। लगातार कार्यकर्ताओं की मांग पर उन्हें यह पद दिया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता होते हुए उनकी प्रत्येक चुनाव में भूमिकाओं को देखते हुए एवं निष्पक्ष पार्टी की सेवा में कई वर्षो से पार्टी की सेवा हेतु उन्हें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जिला महामंत्री सौरभ कोठारी के अनुशंसा पर पार्टी के वर्तमान मंडल अध्यक्ष द्वारा यह दायित्व सौंपा गया। ग्रामीण मंडल के घोषणा के बाद प्रमुख वरिष्ठ नेतागणों ने उन्हें बधाई दी। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कन्हारगांव के वर्तमान सरपंच जैन कुमार मेश्राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपकार साहू, पूर्व सरपंच बेलगांव छबील साहू एवं जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष मनीष कुमार सोनी सहित मानिक सेन, लेखराज वर्मा एवं पूर्व महामंत्री लखन जांघेल, जीवन वर्मा, सतीश वर्मा, जनपद उपाध्य हीरा वर्मा सहित समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए पार्टी को और आगे ले जाने तथा ग्रामीण मंडल को मजबूत करने की बात कही। नए मंडल के गठन से कार्यकर्ताओं में फिर से नया जोश आ गया है। साथ ही इस बार पूर्ण रूप से समस्त मंडल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का एक ही प्रयास रहेगा कि वह अधिक से अधिक जनता की सेवा एवं पार्टी के मार्गदर्शन को अपनाकर अगले विधानसभा चुनाव में पूर्ण रूप से भाजपा विधायक को डोंगरगढ़ विधानसभा में भारी मतों से विजय बनाकर लाएं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने घर व आसपास पौधे लगाने को लेकर महापौर ने की नागरिकों से अपील



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को अपने-अपने घर व आसपास रिक्त भूमि पर पौधे लगाने का संकल्प लेने महापौर मधुसूदन यादव ने नगरवासियो से अपील की है। उन्होंने एक पेड़ मॉ के नाम लगाकर परिवार को वृक्षारोपण से जोडने की अपील की है।

महापौर ने अपील करते हुए कहा कि आज के इस औद्योगीकरण एवं शहरीकरण के युग में पौधे लगाने की नितांत आवश्यकता है। क्योंकि इसके कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और कटाई के अनुपात में वृक्ष नहीं लगाये जा रहे है। जिससे हमारा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में आक्सीजन की कमी के कारण हमने अपनों को खोया है। ये हमारे लिए सबसे बड़ा सबक है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए हम सब अपने घर, आंगन व घर के आसपास एक पौधे लगाये एवं अपने बच्चों को भी प्रेरित करे। ताकि भविष्य में उन्हें इस प्रकार की परेशानी न उठानी पडें। उन्होंने कहा कि शासन ने वृक्षारोपण को परिवार से जोड़ने एक पेड़ मॉ के नाम से लगाने अभियान चलाया है। जिसका अर्थ परिवार के सभी लोग पेड़ को मॉ की तरह सम्मान देकर उसकी देख-रेख करे। जिससे वृक्ष मॉ की तरह खड़ा होकर हमे आक्सीजन प्रदान करें।

महापौर ने कहा कि शहर को हरा-भरा करने एवं स्वच्छ वातावरण निर्मित करने निगम द्वारा विगत 5-6 वर्षो से लगातार शहर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसके तहत शहर में सड़क किराने, डिवाईटर, फ्लाई ओव्हर के नीचे, वार्डो एवं कालोनी में, शासकीय संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं के अलावा अन्य रिक्त क्षेत्रों में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किये गये है। रोपित पौधो को प्रतिदिन संरक्षित किया जा रहा है। जिनमे से लगभग 90 प्रतिशत पौधे जीवित है और अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले लिये है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आज के इस भाग-दौड़ के युग में सुकुन एवं स्वच्छ वातावरण के लिए पौधे जरूर लगाए। इसके लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर 5 जून को कम से कम एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का हम सब संकल्प ले।

# वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलाने वालों के खिलाफ की गई कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर ने अपने थाना क्षेत्र में अपने वाहन से माडिफाईड साइलेंसर लगाकर कानफोडू आवाज में चलाने वाले 2 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं वाहनों में नियमानुसार नंबर न लिखा होना स्पष्ट न लिखा होने पर भी 4 लोगों पर तथा 7 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के अन्य धाराओं तहत कार्यवाही की गई है वहीं कुल 13 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की चालानी कार्यवाही की गई है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तथा उनके स्वयं के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस क्रम में 3 जून मंगलवार को सहायक उप निरी. मनमोहन साहू व टीम द्वारा दुपहिया वाहन कुल 13 वाहन के चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही कर 13300 रूपये समन शुल्क राशि लिया गया। 02 वाहन चालकों द्वारा साइलेंसर द्वारा शोर नियंत्रण के विहित मानको का उल्लंघन करना पाया गया, जिनके साइलेंसर को निकालकर नया साइलेंसर लगवाया गया, 4 वाहन चालकों द्वारा वाहन में नंबर न लिखा होना या स्पष्ट नंबर न लिखा होना पाया गया। 7 वाहन के चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन करते नहीं पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया।

# फरार मवेशी तस्कर गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। चिचोला पुलिस ने फरार मवेशी तस्कर को धर दबोचा है और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार रहे आरोपी का नाम गुलशन साहू उर्फ राजू बताया जाता है। पुलिस द्वारा बताया गया कि प्रकरण के एक आरोपी आकाश उर्फ आसू भारती को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

इस क्रम में गत दिनों 15 अप्रैल को राजनांदगांव की ओर से बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04/पीएक्स 1261 में चालक द्वारा मवेशियों को बिना चारा पानी के क्रूरतापूर्वक ठूस-ठूसकर भरकर परिवहन करते कत्लखाना काकोडी महाराष्ट्र की ओर ले जा रहा था। घटना दिनांक को एक आरोपी नाम आकाश भारती उर्फ आसू पिता तुलाराम भारती उम्र 24 वर्ष वार्ड क्रमांक 2 नवागांव बजरंगपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। घटना स्थल से एक आरोपी गुलशन साहू उर्फ राजू घटना दिनांक को फरार हो गया था। जिसे काफी प्रयास एवं पुलिस की सतर्कता से बुधवार 4 जून को आरोपी गुलशन साहू उर्फ राजू को उसके निवास स्थान ग्राम रिंगनी थाना पुराना भिलाई जिला दुर्ग से घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहॉ से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।


**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726


# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का किया निरीक्षण



- शिविर में किसान किताब, त्रुटि सुधार आदेश की प्रति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र का किया गया वितरण
- कलेक्टर ने राजस्व शिविर में नागरिकों की सुनी समस्याएं, समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश
- शिविर में कुल 467 आवेदन हुए प्राप्त, जिसमें से 131 आवेदनों का तत्काल मौके पर ही किया गया निराकरण

राजनांदगांव (दावा)। जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को राजस्व से संबंधित समस्याओं के लिए भटकना न पड़े और उनके कार्य तत्काल पारदर्शिता के साथ शीघ्र पूरा हो सके। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज राजनांदगांव तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व शिविर में सभी पटवारी हल्के के टेबल में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों की वस्तुस्थिति जानकारी ली और उसे समय-सीमा में नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने स्वयं नागरिकों से आवेदन लिया और उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व शिविर में एक साथ सभी राजस्व निरीक्षक और पटवारी उपलब्ध है। इसके साथ ही सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित है। जिससे राजस्व से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों को पंजीबद्ध किया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा भी निर्धारित की जा रही है।

कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित किसानों एवं नागरिकों को राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करते हुए किसान किताब, संबंधितों को राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार के आदेश की प्रति, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, सहायता अनुदान राशि, सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिजनों को सहायता राशि प्रदान की। इसके साथ ही तालाब में डुबने से दो लोगों की मृत्यु होने पर 4-4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि प्रदान की। राजस्व शिविर राजनांदगांव में कुल 467 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें नामांतरण के 87, बंटवारा के 27, सीमांकन के 15, बटांकन के 58, त्रुटि सुधार के 85, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए 72, अतिक्रमण से संबंधित 35, पट्टा के 16, ऋण पुस्तिका के लिए 38 तथा अन्य समस्याओं के 34 आवेदन प्राप्त हुए।

उल्लेखनीय है कि तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6-4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाये जाने से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त कर अतिशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा। जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव हो, उसे तत्काल शिविर स्थल में ही निराकृत किया जाएगा। शिविर में संबंधित न्यायालय के रीडर, भुईयां ऑपरेटर द्वारा त्वरित किये जा सकने वाले न्यायालयीन संबंधी कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएंगे।

# विषय बंधन राजपत्र लागू कर आरटीई एक्ट 2009 के शिक्षा गुणवत्ता नियम को लागू करने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने 5000 पदों पर शिक्षक भर्ती का निर्णय ले लिया है। इस भर्ती में मिडिल स्कूल में विषयवार विशेषज्ञ स्नातकों की भर्ती करने संबंधित विषय बंधन राजपत्र लागू करने छत्तीसगढ़ विषय बाध्यता मंच ने मांग की है। 11 जुलाई 2023 के राजपत्र से प्रदेशभर के बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर होकर शिक्षा गुणवत्ता गिर रही है। प्राईवेट, एकलव्य, आत्मानंद में आरटीई-2009 का प्रावधान विषय बाध्यता है और बाकी सरकारी स्कूल जहां गरीब, पिछड़े, आदिवासी, किसान परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। वहां मिडिल कक्षाओं में विज्ञान वाला संस्कृत और आर्ट्स वाला गणित पढ़ा रहा है। यह आरटीई कानून-2009 के शिक्षा में क्वालिटी और इक्वालिटी का उल्लंघन है। एक ही विषय के तीन-तीन शिक्षक भरें हैं। यह पिछली गैर विषयवार भर्ती का परिणाम है और शिक्षा के अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का खुला उल्लंघन है। कक्षा 9वीं में कमजोर बेस वाले विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। अतः विषय बाध्यता मंच ने 30 जनवरी 2025 के सीएम के निर्णय विषय बंधन लागू करने और पूर्व राजपत्र विलोपन निर्देश का पालन करने की मांग रखी है।

# पदक प्राप्त करने हेतु नामांकन प्रस्ताव 22 तक आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक एवं जीवन रक्षा पदक हेतु निर्धारित प्रारूप में योग्य एवं पात्र व्यक्तियों व बच्चों से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। राजनांदगांव जिले के योग्य एवं पात्र व्यक्ति व बच्चे पदक प्राप्त करने हेतु 22 अगस्त तक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 94 में निर्धारित प्रारूप में नामांकन प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।




**श्री जलाराम मंगल भवन...**

गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव

- सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
- 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
- ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
- पार्किंग की समुचित व्यवस्था
- सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
- भवन में लिफ्ट की सुविधा

शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यो हेतु उपलब्ध... बुकिंग हेतु संपर्क करें...

मो नं. 9300725521, 9300414726


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com